हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026



# छात्राओं व प्रवासी मजदूरों के लिए इंडेन का छोटू सिलेंडर लांच, कीमत 945 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव-देहात व जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पढ़ने या कामकाज के सिलसिले में शहर पहुंचे लोगों को खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर की चिंता करने की अब कोई जरूरत नहीं है। इंडेन गैस कंपनी ने ऐसे लोगों के लिए खास सिलेंडर लांच किया है। इसे लेने के तौर पर पांच किलोग्राम वजनी छोटू के लिए किसी खास दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा जारी किसी भी पहचान पत्र के जरिये इसे इंडेन के अधिकृत डीलरों से प्राप्त किया जा सकेगा।

शहर आकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं या कामकाजी महिलाओं के अलावा इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को अब गैस सिलेंडर की उपलब्धता के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा इस वर्ग को ध्यान में रखकर पांच किलोग्राम वजनी छोटू सिलेंडर लांच किया गया है। सरकार द्वारा जारी विभिन्न पहचान पत्रों आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस जैसे दस्तावेजों में कोई भी एक प्रस्तुत कर ग्राहक यह सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे। कामकाजी महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा ज्यादातर छोटे स्टोव्हनुमा चूल्हे इस्तेमाल किए जाते हैं। जिसमें नीचे सिलेंडर व ऊपर चूल्हा लगा होता है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली गैस की किल्लत के कारण कालाबाजारी को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा की गई सघन छापामारी के अंतर्गत गैस सिलेंडरों में चोरी-छिपे रिफिलिंग करने वालों की अवैध सामग्री न केवल जब्त की गई थी, बल्कि इसके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी।

## शासन द्वारा जारी किसी भी पहचान पत्र के जरिये लिया जा सकेगा छोटू सिलेंडर

### 945 में नया कनेक्शन, 615 रुपए में रिफिलिंग

छोटू सिलेंडर के नए कनेक्शन के लिए ग्राहकों को पहली बार कंपनी में 945 रुपए जमा करने होंगे। ग्राहकों को एक ही शहर या एक ही डीलर से रिफिलिंग की बाध्यता नहीं रहेगी। वे शहर के बाहर भी किसी भी इंडेन एजेंसी से रिफिलिंग करा सकेंगे। ग्राहकों को रिफिलिंग के लिए पांच किलोग्राम गैस के लिए 615 रुपए खर्च करने होंगे।




### किया जाएगा वितरण

इंडेन कंपनी द्वारा पांच किलोग्राम वजनी गैस सिलेंडर लांच किया गया है। यह सिलेंडर विशेषकर प्रवासी श्रमिकों, कामकाजी महिलाओं व छात्राओं के लिए काफी मददगार साबित होगा। इसका कनेक्शन लेने के लिए कोई खास दस्तावेज की जरूरत भी नहीं होगी।

**- रविन्द्र सोनी,** खाद्य अधिकारी

### दुरूपयोग पर होगी कार्रवाई

एलपीजी वितरक द्वारा 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के दैनिक उपलब्ध स्टॉक, दैनिक विक्रय मात्रा तथा बचत स्टॉक की पंजी संधारित की जाएगी तथा दैनिक जानकारी कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा राजनांदगांव को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के व्यपवर्तन एवं किसी प्रकार के दुरूपयोग पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बढ़ते तापमान के बीच अविभाजित जिले के लिए दो दिन हीटवेव का येलो अलर्ट जारी

# गर्मी का रिकार्ड टूटा.. 45.5 डिग्री पर तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में जारी गर्मी की तपीश तेज होते जा रही है। राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान लगातार बढ़कर अब 45.5 डिग्री पर पहुंच गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। वहीं अगले दो दिन अब हीटवेव चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

ऐसा भी नहीं है कि केवल अंचल में ही गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। बल्कि पूरे प्रदेश में गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया है। 25 अप्रैल को रायपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिन गर्मी और बढ़ सकती है। इधर मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा मौसम की वजह एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर अंदरूनी कर्नाटक से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके वजह से ही प्रदेश में मौसम का यह हाल देखने को मिल रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश के दक्षिणी इलाकें में बारिश की भी आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार जहां प्रदेश के मध्य इलाकें में ग्रीष्मलहर देखने को मिलेगी, वहीं बस्तर संभाग में तेज अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है।



### सेहत पर भी मौसम का दिखने लगा असर

इधर मौसम की मार का सीधा असर लोगों की सेहत पर भी दिखने लगा है। तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने से डिहायड्रेशन की समास्या बढ़ गई है। लोगों के शरीर में पानी की कमी होने से चक्कर आना, कमजोरी लगना जैसे लक्षण दिखाई दे रहे है। वहीं उल्टी, दस्त के मरीजों की भी बढ़ोत्तरी हुई है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोगों को सही मात्रा में पानी पीना चाहिए।

### इधर हीटवेव के बीच बस्तर संभाग में बारिश के आसार

बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा आने के कारण प्रदेश में कल 26 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग के जिले संभावित है।

### गर्मी का कहर...अब दो घंटे खुलेंगे आंगनबाड़ी

ज्ञात हो अप्रैल महीने की शुरुआत से ही तेज धुप देखने को मिल रही थी। ऐसे में बढ़ती मांग के बीच बीते दिनों प्रदेश शिक्षा महकमे ने 20 अप्रैल से सभी प्रकार की स्कूलों में अवकाश की घोषणा कर दी थी, हालांकि इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन जारी रहा। ऐसे में अब बढ़ती गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में भी बदलाव किया गया है। अब सभी आंगनबाड़ी केंद्र 23 अप्रैल से 30 जून तक सुबह जल्दी खोले जाएंगे। नए आदेश के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र अब सुबह 7 बजे से 11 बजे तक खुले रहेंगे। लेकिन बच्चों के लिए निर्धारित समय सिर्फ सुबह 7 बजे से 9 बजे तक रहेगा।

# शराब की अवैध बिक्री पर एक्शन, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




तिराहे के पास अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 56 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराध के रोकथाम व नियंत्रण हेतु नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत सोमनी पुलिस को 25 अप्रैल को सुबह मुखबीर से संदेही मिथलेश द्वारा ग्राम ककरेल रोड तिराहा के पास अवैध रूप से शराब रखकर बेचने की सूचना मिली। जिस पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर 25 अप्रैल को ग्राम ककरेल रोड तिराहा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे मिथलेश साहू 22 साल निवासी ग्राम खुटेरी डबरापारा थाना सोमनी को घेराबंदी कर पकड़ने से संदेही के पास रखे एक सफेद रंग की बोरी में 56 पौवा देशी रोमियों प्लेन कीमती 5600 रुपए रखा हुआ मिला, जिसे विधिवत कार्रवाई करते जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया है।

# चाकू दिखाकर लूट आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोबाइल दुकान में आकर चाकू दिखाकर लूट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि चिखली चौकी क्षेत्र का सूरज वाहने 24 अप्रैल को रात्रि में अपने साथी के साथ प्रार्थी के मोबाइल दुकान में आकर गाली-गलौज कर चाकू दिखाकर अपने साथी के साथ प्रार्थी की जेब से 3000 रुपए एवं दुकान के गल्ले से रुपए को लूटकर प्रार्थी के साथी द्वारा बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट करने की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिखली में धारा-311, 296, 115 (2), 351(2) 3(5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। पुलिस के अनुसार पुलिस चौकी चिखली द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी की पता तलाश कर आरोपी सूरज वाहने 29 वर्ष को दीनदयाल कालोनी से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी के साथ अपराध करना स्वीकार करने एवं लूट की रकम को अपने साथी के साथ बंटवारा कर खर्च करना बताने तथा 1000 रुपए रखना बताने पर लूट की रकम और घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी सूरज वाहने से जब्त कर विधिवत कार्रवाई करते गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायालय के आदेश अनुसार जेल दाखिल किया गया। फरार अन्य आरोपी की पता तलाश की जा रही है।

# साइड देने को लेकर विवाद पर चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



वाद-विवाद करने के बाद चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी कमलेश वर्मा 29 वर्ष निवासी ढारा द्वारा थाना उपस्थित में होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 22 अप्रैल को गांव के देवेन्द्र वर्मा की शादी बारात में ग्राम मुढ़ीपार आए थे। रात्रि लगभग 9 बजे डीजे में बाराती नाचते हुए दुल्हन के घर के पास बाजार चौक प्रधानपाठ मेन रोड पहुंचे थे, तभी एक मोटर साइकिल में 3 युवक मुढ़ीपार बस्ती की ओर से आए और "साईड दो, साईड दो" कहते हुए अश्लील गाली-गलौज करने लगे। बारातियों द्वारा मना करने पर वाद-विवाद करने लगे। प्रार्थी अपने दोस्तों राजा वर्मा एवं महेन्द्र वर्मा के साथ समझाने पहुंचे, जिस पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए विवाद कर वापस चले गए। लगभग एक घंटे बाद वही तीनों युवक अन्य के साथ पुनः आए और मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे राजा वर्मा पर एक आरोपी ने चाकू से पेट में वार कर गंभीर चोंट पहुंचाई। प्रार्थी कमलेश वर्मा पर भी चाकू से वार कर हाथ एवं सिर में चोंट पहुंचाई गई। बारातियों के हल्ला करने पर आरोपी पीछे हट गए, लेकिन घायलों को अस्पताल ले जाने हेतु वाहन निकालते समय आरोपी पुनः पहुंचे और लोहे की रॉड से स्कार्पियो वाहन के सामने का कांच तोड़कर क्षति पहुंचाई। रिपोर्ट पर थाना गातापार में धारा 296, 115(2), 351(3), 109, 324(5), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**चाकू, बाइक जब्त:** पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपियों की पहचान कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी गुलशन सिन्हा से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटर साइकिल ग्लेमर जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी गुलशन सिन्हा 20 वर्ष, पुनम सिन्हा 23 वर्ष व जग्गु निषाद 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम मुढ़ीपार को गिरफ्तार किया गया। साथ ही प्रकरण में 3 विधि से संघर्षरत बालकों की सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## महाकाल चौक पर श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम

# राजा की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजा दिग्विजय दास की स्मृति में 25 अप्रैल को महाकाल चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर उनके योगदान को याद किया और सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान राजगामी संपदा न्यास की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी का सम्मान महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने राजा दिग्विजय दास के जनसेवा एवं त्यागपूर्ण जीवन को प्रेरणास्त्रोत बताया।

संस्कारधानी सेवा संस्थान द्वारा महाकाल चौक पर आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम में लगभग 3000 गिलास शरबत नागरिकों को वितरित किया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने भी आम नागरिकों को शरबत वितरण किया। इस कार्य में संस्थान के राजू डागा, लक्ष्मण लोहिया, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, मनोज बैद, राजा माखीजा, सुरेश पंजवानी, अशोक सेठिया, अमित खंडेलवाल, राजकुमार बाफना, अशोक पांडे, देबू भाई सहित अन्य नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मिथलेश्वरी देवांगन, शैली साहू, पुष्पा गायकवाड़, कांति मौर्य, मोना गोसाईं, मधु बैद सहित अन्य महिलाएं शामिल थी। कार्यक्रम में पार्षद शैक्की बग्गा, शरद सिन्हा, संजू बघेल, शेखर लश्करे, राजा माखीजा, वैष्णव समाज के सदस्य एवं शीतला मंदिर के पुजारीगण भी शामिल हुए और आयोजन की सराहना की।



### वक्ताओं ने व्यक्त किए विचार

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा और एकता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने अगले वर्ष इस कार्यक्रम को और बड़े स्वरूप में आयोजित करने का आश्वासन दिया। राजगामी संपदा न्यास की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने कहा कि नांदगांव रियासत की पहचान नागपुर से लेकर रायपुर तक फैली हुई थी। यहां के राजा दानवीर के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोकप्रिय राजा दिग्विजय दास को आज हम सभी नमन करते हैं और उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वे सभी के सहयोग से पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी।



## खबर संक्षेप



### बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह

**कल्लूबंजारी**। अक्षय तृतीया के अवसर पर अंचल में उत्साह देखने मिला। गाँव के वार्ड 3 सोसाईटी पारा के बच्चो ने बुढ़ादेव प्रांगण में पुतरा पुतरी विवाह का आयोजन किया। आदिवासी बुढ़ादेव प्रांगण में विवाह मंडप सजाकर शादी की रस्म पूरा किया गया। इस अवसर पर भवनसिंह कोहकोट्टा, राजकुमार पटेल, बलिहार पटेल, डोमेन कुमार पटेल, मोतीराम साहू, पुष्पा सिन्हा एवं ग्रामीणों ने आयोजन में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### कन्या विवाह हेतु संतों को दिया आमंत्रण

**डोंगरगढ़**। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह में संतों को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में पूज्य तीर्थ शदाणी दरबार के युधिष्ठिर लाल, शिव शांति आश्रम लखनऊ के बाबा सांई मोहनलाल साहिब, संत उदयलाल शदानी को आमंत्रण पत्र भेंट किया गया। संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, संगठन मंत्री संजीव अग्रवाल एवं पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सदस्य किशोर आहूजा ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

### कॉलेज की गतिविधियों से कराया अवगत



**अर्जुनी**। नवीन शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में शिक्षक- पालक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, समय प्रबंधन, उपस्थित, व्यवहार के संदर्भ में अभिभावकों को बताया। तीनों संकाय के विभागाध्यक्षों ने विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। पढ़ाई की स्थिति, अनुशासन और व्यवहार, गतिविधियां आदि पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन शुभी जैन ने किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ संजूसिंह, डॉ काव्या जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या गावरे आदि उपस्थित थे।





## नव निर्मित सिद्धार्थ बुद्ध बिहार और बुद्ध प्रतिमा का अनावरण

# बुद्धम् शरणम् गच्छामि...

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के बोधीटोला में नव निर्मित बुद्ध बिहार का लोकार्पण और तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का स्थापना समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणी भी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत बौद्ध भिक्षुओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना और बुद्धम् शरणम् गच्छामि के पवित्र मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। बुद्ध बिहार में स्थापित की गई प्रतिमा अष्टधातु ने निर्मित लगभग 6 फीट ऊंची है। यह प्रतिमा थाईलैंड से आई है। प्रतिमा को भगवान बुद्ध की ध्यान मुद्रा में स्थापित किया गया है, जो शांति और करुणा का प्रतीक है।

### धार्मिक अनुष्ठान

प्रतिमा स्थापना के पूर्व बुद्ध बिहार में पंचशील ध्वज फहराया गया। दोपहर को सिद्धार्थ बुद्ध बिहार के लोकार्पण बाद बुद्ध प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान वंदना और परित्रण पाठ किया गया। कठिन चीवर दान जैसे पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। इस मौके पर भदंतो ने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं और उनकी शिक्षाएं समाज में समता और न्याय की भावना पैदा करती हैं।

### आत्मीय अगवानी

बौद्ध भदंतो के नगर आगमन पर सामाजिक जनों ने वाहन रैली निकालकर अगवानी की। बग्घी में भगवान बुद्ध की प्रतिमा को विराजित कर शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा बुद्ध बिहार से आरंभ होकर मुख्य मार्ग, पुराना थाना रोड, किलापारा, सदर लाइन, फव्वारा चौक होते हुए वापस बुद्ध बिहार पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान जन प्रतिनिधियों और विभिन्न समाज के लोगों ने अगवानी करते हुए अपनी आस्था प्रकट किया।

# कर्मचारी संघ के चुनाव पर गहराया विवाद

## मतदाता पहुंचे हाईकोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ आम कर्मचारी लामबंद हो गए हैं।

कर्मचारी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण में पहुँचे। अब चुनावी घपले की जाँच की कमान रजिस्ट्रार के हाथों में आ गई है। खैरागढ़ के जिला अध्यक्ष रघुवीर तिवारी आदि ने खुलासा किया कि निर्वाचन अधिकारियों ने बैलेट पेपर और काउंटर फाइल पर मतदाताओं के हस्ताक्षर करवा लिए थे। गिनती के समय यह आसानी से पता चल रहा था कि किसने किसे वोट दिया है। इसके बाद कर्मचारियों की निजता को सार्वजनिक कर दिया गया। मतदाताओं की याचिका को संज्ञान लेते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि रजिस्ट्रार अब धारा 32 के तहत मामले की जाँच करेंगे।

### प्रभार रोकने की मांग

रजिस्ट्रार के समक्ष अवैध प्रभार पर रोक लगाने की मांग की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक जाँच जारी है, तब तक विवादित परिणाम के आधार पर किसी को प्रभार न दिया जाए। बैठकों को अमान्य घोषित कर इसमें शामिल होने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा, निर्माण जारी

- शिकायत की अनदेखी कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में इन दिनों नजुल भूमि पर कब्जा करने के साथ बिना अनुमति के निर्माण किया जा रहा है। इस तरह के मामलों में कार्रवाई करने के बजाए कब्जा करने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है।

बताया जाता है नजुल निरीक्षक के पद पर ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की गई है जो उस पद के काबिल नहीं है। जानकारी के अनुसार नजूल निरीक्षक ने कंडरापारा, मोचीपारा, ठेठवारपारा, बुधवारी नाला, सरकारी अस्पताल, करबला चौक सहित अन्य स्थानों की नजूल जमीन पर कब्जा करने की शिकायत अधिकारियों से की थी किन्तु किसी प्रकार की रोक लगाने का प्रयास नहीं किया गया। शहर से लगे चौथना, कंडरापारा, इंदिरानगर, करबला चौक, कुरूभाट रोड, चंद्रगिरि, प्रज्ञागिरि, अछोली, बगदईपारा में बडे पैमाने में अवैध प्लाट बेचने के साथ मकान निर्माण शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार 100 साल पुरानी दाल तेल फैक्टरी की जमीन को भी कुछ लोगों ने पावर आफ एटार्नी के माध्यम से बेच दिया हे। वर्तमान में खैरागढ रोड पर स्थित एक पाईप फैक्ट्री की संचालक ने लीज में ली जमीन को सामने नाले पर कब्जा करने के बाद दुकान बनाकर बेचने की तैयारी में है। नगर पालिका ने इस मामले में नोटिस देकर चुप हो गई है।

# भूगोल विभाग ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नेहरू महाविद्यालय में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष हेमूराम पद्मे एवं डॉ. नौशीन अंजुम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई।

प्राचार्य डॉ. रेवती ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बढ़ते वैश्विक तापमान और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। डॉ. आशा चौधरी ने पर्यावरण में समय के साथ हुए परिवर्तनों और उनके प्रभावों का विश्लेषण करते हुए संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। विभागाध्यक्ष श्री पद्मे ने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने तथा वृक्षारोपण और स्वच्छता जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस दौरान नौकेश कुमार, उदय लाऊत्रे, नीलकमल, लेकेश्वरी, कुमारी, संध्या, खेमेश्वरी, ऊष्मा देवांगन और ललित सिंहा ने आयोजन में सहयोग दिया। अंत में डॉ. नौशीन अंजुम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सामाजिक विकास में सहभागी बने कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

इंजीनियरिंग होस्टल ग्राउंड में डॉ अंबेडकर की जयंती के मौके पर वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान में आम्बेडकरवाद से समाज का सामाजिक ,शैक्षणिक, राजनितिक ,सांस्कृतिक और आर्थिक विकास विषय पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील भरने, विशिष्ट अतिथि स्नेहा, अशोक खड़तकर, एस चन्द्रिकापुरे, संदीप आनंद थे। अध्यक्षता पीके शेंडे ने की। संचालन एचके आजाद ने किया।

सर्वप्रथम बौद्धाचार्य डॉ मनोज गजभिये, अनमोल बौद्ध एवं एचके आजाद आदि ने मोमबत्ती प्रज्जवलित कर सामूहिक त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया। शुरुवात में श्री आजाद ने विषय की जानकारी दी। इस मौके पर इंजीनियर स्नेहा ने कहा सरकारी कर्मचारियों के कार्यक्रम में समाज के विकास की बात होती है तो यह एक अच्छा संदेश है। सरकारी कर्मचारी पे बैक टू सोसाइटी के तहत करेगा तो



हमारे स्कूल कॉलेज होंगे जो जातिगत भेदभाव समाप्त करेंगे। डॉ मनोज गजभिये ने द बुद्धा टीचिंग्स फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे धम्म प्रचार, पौधरोपण, धम्म पुस्तक वितरण, धम्म वर्ग, धम्म शिविर आदि की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री शेंडे ने कर्मचारियों को संस्था से जुड़कर कार्य करने का आवाहन किया। आयोजन में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने खूब तालियां बटोरी।लोगों ने बच्चों की सराहना किया। ड्राइंग, पेंटिंग, गीत गायन और नाटक के प्रतिभागियों को गिफ्ट दिया गया। अंत में शिवनारायण ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिन कुर्मा, विनीत कुमार, हृदय किशोर, अनिल मेश्राम, एसके बम्बेश्वर, अजय मेश्राम, एमके वाल्डे, परमेश्वर ध्रुव, एसके ध्रुव, देबेन्द्र मिर्जा, कप्तान सिंह, परमेश कुर्मा, कपिल कुमार, मनीष सहारे, महेश साखरे, राजू बंसोड़ ,एके इंदुरकर, वीके गनवीर, एमके सफी, शिवराज बागड़े, एके रामटेके, रमाकांत ,कुंजेश कुमार, पीएल परते, विनेश टी, आरके परते, शैलेन्द्र कुमार, देबेश बंजारी, चिरंजीव वासनिक, मुकेश कुमार, अविनाश वासनिक, सौरभ जवाड़े, रजत चन्द्रिकापुरे, योगेश मनुव्रर, अनुराग वागड़े, वलकृष्णा, उमेन्द्र बंजारे, एलके धवन, विकास अम्बादे, भविष्य कुमार, अरविंद कुमार, बीके सिंह, एके मिंज, छोटेलाल गौतम, छोटेलाल जम्भलकर, अजित हर्षित, कुल्लू, रवि गावंडे, एसएन मांझी,पीवी डोंगरे, रेखा पाटिल, मनोजसिंह, आकाश लहुरगड़े, प्रसन्नता रामटेके, योगेश बंशकर, देबेन्द्र मानवर, आतिश जम्भलकर, एसके सिंह, अंकुश तलवारे, बी राम भारती, चंदन भारती शामिल हुए।

# जल स्त्रोतों की सफाई

**तुमड़ीबोड़**। ग्राम पंचायत में पंचायती राज दिवस के मौके पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा आयोजन के पूर्व पंचायत पदाधिकारियों, स्वच्छताग्राही दीदियों एवं महिला समूह की सदस्यों ने सामुदायिक जल स्त्रोतों की सफाई की। ग्रामसभा में ग्राम संपदा एप में अपलोड परिसंपत्तियों का वाचन किया गया।



शत प्रतिशत कर आरोपण एवं वसूली पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायत के लिए तैयार पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स और 2.0 स्कोरकार्ड का प्रदर्शन कर ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प पारित किया गया। ग्रामसभा में सरपंच भुनेश्वरी साहू, ग्रामसभा नोडल प्रियंका साहू, सचिव येवेंद्र साहू, भूपेंद्र सोनवानी, अमरोतन साहू, खेलूंराम साहू, संतोष साहू, हीरालाल सिन्हा, जयराम साहू, दिलीप श्रीवास्तव, नीलकंठ साहू, आशीष साहू, कन्हैया लहरे, धरम ठाकुर, बासन साहू, नूतन साहू, गीता साहू, राजेश्वरी साहू, रविना साहू, जयपाल कोरे, सोमन कोरी, सोमन गंधर्व, हेमलता साहू, सुरेखा विश्वकर्मा, भुनेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।

# शिशु मंदिर का परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम शत प्रतिशत रहा।इस मौके पर मुख्य अतिथि नेमीचंद थे। अध्यक्षता अनिल टावरी ने की। विशेष अतिथि शोभित राम साहू थे। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वालों के नाम इस प्रकार हैं। कक्षा नर्सरी में लावण्या देवांगन, वैदिक, इशिका पटेल, निशांत ठाकुर, कक्षा अरूण में प्रियांशी साहू, ख्वाइश साहू, वाणी सोमकुंवर, कक्षा उदय में लियाना मेश्राम, सोनाली सेन, निखिल साहू, कक्षा प्रथम में डीलेश्वर साहू, गाम्या भोयर, उमा साहू, लकी वर्मा, कक्षा द्वितीय



में ईशिता साहू, जान्हवी साहू, रिया साहू, कक्षा तृतीय में कोमल सिंग, खुशी सोनी, हर्षवर्धन सोनी, मोनिशा, रिया, कक्षा चतुर्थ में विभा देवांगन, रणवीर सोनी, आदित्य मिश्रा, कक्षा षष्ठ में एशांक निर्मलकर, दिव्यांका मिश्रा, कैलाश बंजारा, कक्षा सप्तम में रिषब साहू, आयुषी चौरे, बरखा साहू, कक्षा नवम अ में मयंक साव, लीना साहू, कृतिका साहू, नवम ब में कमल नारायण, फाल्गुनी श्रीवास, काव्यांश चक्रधारी, कक्षा एकादश विज्ञान में अविनाश नायक, कशिश देवांगन, नूरांजलि धरमगुड़ी, एकादश कृषि में रोहन कुमार, शुभम देवांगन, जितेन्द्र कुमार, एकादश वाणिज्य में खुमान मेश्राम, खुशी, भावना सोनी शामिल है।

# विदाई सह अभिनंदन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठंडार स्थित हाईस्कूल, माध्यमिक और प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त और स्थानांतरित कर्मचारियों का सम्मान एवं नव-आगत शिक्षकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दिया। इस समारोह में माध्यमिक शाला की श्रीमती राजन रामटेके को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। वहीं 14 वर्षों तक सेवा देने वाले सचिव लोकेश जंघेल के गोकना स्थानांतरण और प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कौशल श्रीवास्तव की माध्यमिक शाला बिरनपुर कला में पदोन्नत होने पर सम्मानित किया गया। जहां ग्रामीणों ने बैंड-बाजे के साथ ट्रैक्टर पर बैठाकर पूरे गांव का भ्रमण कराया और गोकना तक छोड़ने गए। ग्रामीणों और शिक्षक परिवार ने सभी विदा होने वालों को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। समारोह में नए शिक्षकों और प्रधान पाठक लता नीरे, जगदीश पटेल, संतोष कंवर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सरपंच मनीषा जोशी, अरुण जोशी, प्रभु वर्मा, हरिश्चंद्र पटेल, दुलेश्वर जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।संचालन चंद्रशीला त्रिपाठी और ललिता कोसारे ने किया। इस मौके पर प्राचार्य छत्रपाल जंघेल, लच्छू मेरावी, प्रदीप राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।




# स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित

**सड़क अतरिया**। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में शनिवार को स्थानीय कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर राधेमोहन वैष्णव, महेश जैन, वीरेन्द्र जंघेल, संतोषी जंघेल, प्राचार्य नारायण लाल कामड़े, खेमराज सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ।

कक्षा नवमी में प्रथम सोनिया निषाद 88 प्रतिशत, द्वितीय सोनिया साहू 75, तृतीय रंनी 73, ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में प्रथम भूमिका साहू 83 प्रतिशत, द्वितीय छल्ला वर्मा 82, तृतीय कोमल वर्मा ने 81 प्रतिशत अंक हासिल किए। वाणिज्य संकाय में प्रथम डोगेन्द्र जंघेल 72 प्रतिशत, द्वितीय जयंती मानिकपुरी 69 प्रतिशत, तृतीय लक्ष्मण निषाद 65, कला संकाय में प्रथम भूमिका 84, द्वितीय टिकेश्वरी 78, तृतीय स्थान पर रही भूमिका ने 74 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस दौरान कोमल नारायण वर्मा, हेमलता वैष्णव, शिवकुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, बबिता ठाकुर, दीपाली जंघेल, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल आदि मौजूद थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनगणना व स्व-गणना को लेकर दी जानकारी

**खैरागढ़।** जिला जनगणना अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टंकेश्वर प्रसाद साहू द्वारा ग्रापं कोहकाबोड़ में आयोजित विशेष ग्राम सभा में उपस्थित होकर जनप्रतिनिधियों को आगामी जनगणना कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान 1 मई से 30 मई तक आयोजित होने वाले मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ग्राम सभा के दौरान सरपंच गोपाल नेताम को ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म भरवाकर इसकी प्रक्रिया समझाई गई और उन्हें अन्य ग्रामवासियों को भी स्व-गणना फॉर्म भरने हेतु प्रेरित करने कहा गया। इसी क्रम में ग्रापं पेंड्रीकला, देवरी में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा जनप्रतिनिधियों को जनगणना, मकान सूचीकरण व स्व-गणना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बढ़ईटोला में भी विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जहां जनगणना से जुड़े कार्यों के संबंध में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया गया।

### पार्षद ने संतुष्टि प्रमाण पत्र देकर की भुगतान की अनुशंसा

# नाली-सीसी रोड में फर्जी भुगतान को लेकर अध्यक्ष ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में अधोसंरचना मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों में अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर द्वारा फर्जी भुगतान को लेकर शिकायत जॉच मे राजनीतिक दुर्भावना की बू आ रही है।

पता चला है कि जिस वार्ड नंबर 6 मे वित्तीय वर्ष 24-25 में पहला काम नरेश पांडेय के घर से नाला तक नाली निर्माण राशि 5.75 लाख जिसमे 5,24,453 रुपए का भुगतान चेक क्रमांक 645197 दिनांक 3 मार्च 26 के माध्यम से फर्म को करने और स्थल पर कार्य नहीं मिलने की बात कही जा रही है वही दूसरा काम केवरी रजक के घर से राधे देवांगन के घर तक सीसी रोड निर्माण राशि 2.27 लाख के विरुद्ध 2,45,139 रुपए का भुगतान चेक क्रमांक 645193 दिनांक 3 मार्च 26 से को स्वीकृत राशि से अधिक और गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए अध्यक्ष ने नगरीय प्रशासन विभाग मे शिकायत दर्ज कराकर तत्कालीन सीएमओ, उप अभियंता और प्रभारी लेखापाल को प्रथम दृष्टया दोषी बताया है।

शिकायत में सबसे गंभीर बिंदु यह कहा गया कि संबंधित निर्माण कार्य 12 मार्च 2026 को प्रारंभ हुआ, जबकि ठेकेदार को 3 मार्च 2026 को ही लगभग पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया था। नियमों के अनुसार कार्य प्रगति के आधार पर भुगतान होना चाहिए, ऐसे में अग्रिम भुगतान को घोर लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार का मामला बताया गया है।





#### कार्रवाई करने शिकायत

पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई और फर्जी भुगतान की राशि वसूली के लिए शिकायत के साथ स्वीकृति आदेश, चेक रजिस्टर और स्थल के फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किया गया हैं। - **गिरजा चंद्राकर,** अध्यक्ष नपा परिषद

#### प्रमाण उपलब्ध हैं

काम हुआ है, फोटो भी लगे हैं। तकनीकी कार्यों की जिम्मेदारी इंजीनियरिंग शाखा की होती है, कार्य के प्रमाण उपलब्ध हैं। - **नीरज सिंह,** प्रभारी लेखापाल



#### 15 जनवरी को काम पूरा, पार्षद ने दिया लिखकर

पड़ताल में पता चला कि दोनों काम दिसंबर महीने में कार्य एजेंसी ने पूरा कर दिया था और बकायदा वार्ड पार्षद मोनिका रजक ने संतुष्टि प्रमाणपत्र मे इसका उल्लेख करते हुए कहा है कि उक्त कार्य निविदा मे उल्लेखित स्थल पर हुआ है। गुणवत्ता पूर्ण कार्य हुआ है वार्डवासियों ने इसका भौतिक सत्यापन भी किया है इसकी किसी प्रकार की शिकायत होने पर मेरी जवाबदारी रहेगी और अंत मे काम के बदले भुगतान की अनुशंसा भी उन्होने सीएमओ को कर दी थी लेकिन इन सब बातो से अन्जान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने काम नही होने के बाद भी भुगतान का आरोप मड़ते हुए शिकायत कर दी हालाकि मामले मे 23 अप्रैल को शिकायत दर्ज होने के बाद 24 अप्रैल को ही कार्यपालन अभियंता सीबी परगनिया और सहायक अभियंता देवेंद्र पांडे के नेतृत्व में जांच टीम वार्ड 06 पहुंची। इस दौरान सीएमओ पुनीत वर्मा, वार्ड पार्षद मोनिका रजक, पार्षद रूपेंद्र रजक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे और स्थल का निरीक्षण किया। इस स्थिति मे सवाल यह उठता है कि क्या शिकायत करने से पहले क्या नपा अध्यक्ष ने अपने ही पार्टी के भाजपा वार्ड पार्षद मोनिका रजक से इस विषय मे फीड बैक नही लिया था। अपने ही पार्टी के पार्षद को विश्वास मे लिए बिना अध्यक्ष द्वारा शिकायत को लेकर भी बाजार मे अटकलो का बाजार गर्म है।

# सशक्तीकरण संघ ने किया महिलाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भारत रत्न डॉ. अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण संघ ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से हुई।

तत्पश्चात सविता मेश्राम ने संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया। डॉ.संगीता रंगारी एवं सीमा सहारे ने राज गीत प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने संगठन के कार्य एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भिखुनी कल्याण बोधी ने गीत के माध्यम से माता रमाई के संघर्षों को प्रस्तुत किया। विशेष अतिथि नलिनी मेश्राम ने संविधान में दिए गए अधिकारों तथा महात्मा फुले के सामाजिक संघर्षों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि सुनीता सिंह एवं किरण मेश्राम ने भी विचार व्यक्त किए। अमिताभ दुफारे ने बाबा साहेब के जीवन और समाज में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जाई सेंडे, उर्मिला हुमने, अनीता मेश्राम, ममता भोयर, सीमा सहारे एवं अनिल लाडगे ने गीतों के माध्यम से अपने भाव रखे। अरुणा गजभिये, सविता मेश्राम, माया भास्कर, सुनंदा डोंगरे, अनुपमा लाडगे एवं पूजा मेश्राम ने अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर प्रो संगीता रंगारी, ज्योति मेश्राम, सीमा सहारे, काजोल मेश्राम, डॉ. परमेश्वरी कुंभज टांडिया, नलिनी मेश्राम, किरण मेश्राम, सुनीता सिंह, माया भास्कर, उर्मिला हुमने, सविता मेश्राम, पूजा मेश्राम, अरुणा गजभिये, अनीता मेश्राम, जाई सेंडे, सारिका बडोले, अनुपमा लांडगे, माधुरी मेश्राम, जूली टेम्भुरकर, मनीषा मेश्राम एवं मुन्नी लाउत्रे को सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त सरिता गजभिये, उजाला बंसोड एवं रेखा सहारे का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममता भोयर एवं सीमा सहारे ने किया। इस अवसर पर अनिल सहारे, राम साहू, लक्ष्मी बोरकर, सारिका अंबादे, मधुकर शेंडे आदि मौजूद थे।

# गंगई मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शक्ति स्वरूपा मां गंगई की भूमि पर भक्ति का सागर उमड़ा है जिसे देख हर कोई हैरान रहा। मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन के केंद्र में न केवल आध्यात्मिक अनुष्ठान रहा बल्कि आधुनिक तकनीक और अटूट श्रद्धा का वह बेजोड़ मेल देखने मिला। विशाल क्रेन की सहायता से मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापित किया गया। कलश स्थापित करने बाद मंदिर का शिखर 51 फीट का हो गया है। इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को पंचांग पूजन और अग्नि मंथन के साथ हुआ। भक्ति की लहर तब दिखाई दी जब नगर की सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्रों में सज-धजकर मंगल कलश यात्रा निकाली। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच यह यात्रा सुरही नदी पहुंची, जहां से पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः मंदिर लौटे। इस दौरान पूरे नगर में कीर्तन की मधुर ध्वनियां गूंजती रहीं और मां गंगई व हनुमान जी की प्रतिमा के नगर भ्रमण ने गंडई को अयोध्या और काशी जैसा स्वरूप प्रदान कर दिया।

#### प्राण प्रतिष्ठा

पूर्णाहुति शुक्रवार को मंगल देवी महाभिषेक और हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के साथ सम्पन्न हुई। बलिदान प्रयोग और महायज्ञ की अंतिम आहुति के पश्चात विशाल महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस महोत्सव को भव्यता प्रदान करने में मंदिर के मुख्य संरक्षक युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो एवं नीता खुसरो का विशेष योगदान रहा।

#### विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

आयोजन के दूसरे दिन अधिवास की महत्वपूर्ण परंपरा संपन्न हुई। बेमेतरा से आए आचार्य राम प्रताप शास्त्री एवं स्थानीय पुरोहित पंडित कमलेश प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में मूर्ति और कलश को जल, अन्न, पुष्प, फल और धूप जैसे पंचतत्वों में पूर्णतः निमग्न किया गया। रात्रि में देवकर धमधा के शंकर भोला भंडारी और सुर म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ने जगराता की प्रस्तुति दी। सुनील सिहोरे के सफल संचालन में श्रद्धालु मध्य रात्रि तक भक्ति रस में गोते लगाते रहे।

# 'आप सांसदों ने जनता के साथ विश्वासघात किया है'



**खैरागढ़।** आम आदमी पार्टी आज भी सत्ता के ज्यादतियों के समक्ष मजबूती से खड़ी है, जनता के मुद्दों पर निर्णायक संघर्ष कर रही है और देश में ईमानदार राजनीति का मजबूत विकल्प बन चुकी है। ऐसे समय में कुछ नेताओं का भाजपा में जाना उनकी सत्ता लोलुपता को उजागर करता है। यह भाजपा द्वारा रचे गए व्यापक राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसके माध्यम से जनता और लोकतंत्र के साथ मजाक और विश्वासघात किया गया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों को आम आदमी पार्टी ने पहचान, मान, सम्मान और नेतृत्व का अवसर दिया, वे संघर्ष के समय पार्टी और जनता के साथ निर्भिकता के खड़े होने के बजाय सत्ता की शरण में चले गए। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि आप पार्टी पूरी मजबूती से सत्ता समर्थित अन्याय, अहंकार और दमन के खिलाफ खड़ी है और इन जनाधार विहीन लोगों के जाने से पार्टी को किसी प्रकार का कोई नुकसान नही होगा। इस घटनाक्रम से प्रमाणित हो गया कि भाजपा अब विचार और जनसमर्थन से नहीं, बल्कि डर, दबाव, प्रलोभन और तोड़फोड़ की राजनीति से आगे बढ़ना चाहती है। सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंदर गुप्ता को भाजपा में शामिल होने से पहले पार्टी के राज्यसभा के पद से इस्तीफा देना चाहिए। राज्यसभा सांसद उन्हे पार्टी ने बनाया था, वे कुर्सी के साथ जा सकते हैं, लेकिन जनता का विश्वास अपने साथ नहीं ले जा सकते। देशभर में सत्ता के विरुद्ध जन आंदोलन बढ़ रहे हैं। पार्टी लाखों कार्यकर्ताओं के पसीने, करोड़ों लोगों के भरोसे और ईमानदार राजनीतिक सोच का परिणाम है।

# वनांचल क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य अभियान जारी

- ग्रामीणों को मिल रही नि:शुल्क सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में जिले के वनांचल क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम निजामडीह, कुम्हारवाड़ा, सरोंधी एवं हाथीझोला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया।



इन स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों को सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं उपचार, नेत्र परीक्षण के बाद निःशुल्क चश्मा वितरण, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन और प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का नियमित टीकाकरण तथा एनीमिया की जांच एवं उपचार जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं जननी सुरक्षा योजना के तहत शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क जांच, उपचार और संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित परिवहन सुविधा हेतु 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा की जानकारी भी दी गई। प्रतिमाह आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और मातृ-शिशु टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया से बचाव, स्वच्छता और रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य शिक्षा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

#### स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

शिविरों के सफल संचालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल एएमओ डॉ. श्वेता ताम्रकार, डॉ. अविनाश हिरवानी, डॉ. शिल्पी सिंह, बीईटीओ केपी साहू, आरपी गढ़वाल, नेत्र सहायक अधिकारी विनय रामटेके, बीपीएम बृजेश ताम्रकार,सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, मितानिनों और जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि आगामी दिनों में जिले के सभी वनांचल ग्रामों और बसाहटों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इन शिविरों में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# निजामडीह पहुंचे पांडेय, आजादी के बाद पहली बार किसी सांसद का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साल्हेवारा बकरकट्टा वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे बैगा बाहुल्य ग्राम निजामडीह में विकास की नई शुरुआत देखने को मिली जब सांसद संतोष पांडेय ने यहां विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

आजादी के बाद पहली बार किसी सांसद के गांव पहुंचने से ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। सांसद का बैगा आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आत्मीय स्वागत किया। पीएम नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप बनाए जा रहे पीएम जनमन आवासों का निरीक्षण कर सांसद ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



इसके साथ ही खादी ग्राम में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया और सिंगारपुर पंचायत के आश्रित ग्राम में पहुंचकर बैगा समाज की समस्याओं का त्वरित निराकरण भी किया। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है।

इसी सोच के तहत वनांचल क्षेत्रों में लगातार कार्य हो रहा हैं ताकि बैगा समाज भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। उन्होंने बताया कि कटेमा और लछना झिरिया जैसे गांवों में बिजली पहुंच चुकी है और आगामी तीन महीनों में निजामडीह में भी विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

#### केंद्र में किया बच्चों से संवाद

सांसद श्री पांडेय ने छुईखदान ब्लाक अंतर्गत निजामडीह में प्राथमिक शाला भवन, सामुदायिक भवन, सीसी सडक, बोर खनन कार्यों का भूमिपूजन किया। पीएम जनमन योजना के तहत तुम्हडड़ाह में निर्मित बहुउद्देश्यीय केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनकी शिक्षा व गतिविधियों की जानकारी ली, वहीं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका सुझाव सुना। जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि सांसद लगातार वनांचल के दूरस्थ गांवों तक पहुंच रहे हैं और यहां के विकास कार्यों की मांग को दिल्ली तक प्रभावी रूप से रख रहे हैं, जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिपं सदस्य हेमलता मंडावी, निजाम मंडावी, विक्रांत चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, उत्तम दशरिया, ललित सोनी, अनुज साहू, संतोष ठाकुर, नन्हें पटेल, शुभम पटेल, प्रतीक श्रीवास्तव, दूजेलाल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति थी।

### भीषण गर्मी में शीतल जल से बुझेगी प्यास, 4 वर्षों से निरंतर जारी है सेवा

# प्रेस क्लब गंडई ने राहगीरों के लिए शुरू किया प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए प्रेस क्लब गंडई ने एक बार फिर अपनी सामाजिक सहभागिता का परिचय दिया है। प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए, इस वर्ष भी जिला मुख्यालय रोड स्थित रेस्ट हाउस के सामने राहगीरों के लिए प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है। शनिवार को सुबह 11 बजे इस सेवा कार्य की शुरुआत प्रेस क्लब के साथियों द्वारा किया गया है। उद्घाटन के पहले दिन राहगीरों को शीतल शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई गई है।

प्रेस क्लब के द्वारा बताया कि यह सेवा पिछले 4 वर्षों से संचालित की जा रही है। इस प्याऊ घर का मुख्य उद्देश्य उन मजदूरों, राहगीरों और जरूरतमंदों को शुद्ध एवं मटके का शीतल जल उपलब्ध कराना है, जो इस चिलचिलाती धूप में लंबी यात्रा करते हैं। प्याऊ घर के सुचारू संचालन और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेस क्लब द्वारा एक विशेष कर्मचारी की नियुक्ति भी की गई है, जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर लोगों को पानी उपलब्ध कराएंगे।

#### सामाजिक सरोकार भी

प्रेस क्लब के पत्रकारों ने साझा किया कि पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना भी हमारी प्राथमिकता है। भीषण गर्मी में पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और प्रेस क्लब इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा।



#### शुभारंभ के अवसर पर इनकी रही उपस्थिति

इस सेवा कार्य के शुभारंभ के अवसर पर प्रेस क्लब गंडई के अध्यक्ष विनोद नामदेव, संरक्षक हरिशंकर साहू, उपाध्यक्ष रत्नेश कुलदीप, सचिव अवधेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोहित देवांगन सदस्य सुखनंदन चतुर्वेदी, दामोदर वैष्णव, यावर नियाजी, नरेंद्र वर्मा एवं प्याऊ घर के कर्मचारी संतोष यादव ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर राहगीरों को मीठे शर्बत परोसा।

#### लोगों ने की प्रशंसा

सोशल साइट्स के माध्यम से प्रेस क्लब गंडई द्वारा चलाये जा रहे पियाऊ घर की प्रशंशा करते हुए आम जन ने कहा कि गंडई को यू ही धर्म नगरी नही कहा जाता है यहां हर वर्ग अपनी सामाजिक सहभागिता और परोपकार की भावना के साथ नित कर्म करते है जिसका एक उदाहरण प्रेस क्लब द्वारा चलाये जा रहे पियाऊ घर भी है।

## 10 जून तक नवीन नल कनेक्शन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने के लिए निगम द्वारा नवीन नल कनेक्शन प्रदाय 10 जून तक प्रतिबंधित किया गया है। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में वार्डों में पेयजल की स्थिति समान्य बनाए रखने हेतु नवीन नल कनेक्शन निजी एवं कालोनी आवेदन पत्रों पर 27 अप्रैल से 10 जून तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई किए जाने प्रतिबंधित किया गया है।

HP आवश्यकता है HP
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 5 पद (वेतन 10,000/-) (डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 4 पद (वेतन 9,000/-)
3. ड्राईवर एवं सहायक - 4 पद (वेतन 9 से 10,000/-)
4. गोदाम कीपर - 1 पद (वेतन 10,000/-)
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

## सार समाचार

### 27 को गौ सम्मान आह्वान यात्रा

**राजनांदगांव**। गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने व गौमाता के सम्मान और सुरक्षा को लेकर 24 अप्रैल को महावीर चौक राजनांदगांव में बैठक आयोजित की गई। ज्ञात हो कि राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान यात्रा भारत के 5000 तहसील से 27 अप्रैल को निकाली जा रही है। यात्रा का उद्देश्य मुख्य रूप से भारतीय देशी गोवंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ गोवंश की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करते गाय को राष्ट्र माता बनाए जाने का निवेदन भारत सरकार से किया जा रहा है। राष्ट्रव्यापी इस आह्वान अभियान को भारत वर्ष के सभी प्रमुख साधु संतों द्वार प्रेरित कर मार्गदर्शन किया गया है। गाय की सुरक्षा व सम्मान को लेकर किए जा रहे यह अभियान अंततः अपने लक्ष्य पूर्ति होने तक चलाए जाने का संकल्प संतों द्वारा लिया गया है। गौ सम्मान आह्वान अभियान की रूपरेखा 15 अगस्त 2027 तक बनाई गई है, जो अनवरत जारी रहेगा।

गौ सम्मान आह्वान यात्रा गौरक्षा की बात करने वाले समाजसेवी, गौप्रेमी, जिले के सभी संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, शिवसेना तथा संघ के सदस्यों को शामिल होने को निवेदन किया गया है।

### गुरमत कैंप 2026 का आयोजन आज से

**राजनांदगांव**। श्री गुरु सिंह सभा राजनांदगांव द्वारा बच्चों के लिए "गुरमत कैंप 2026" का आयोजन कल 26 अप्रैल से किया जा रहा है। यह कैंप प्रतिदिन शाम 4.45 से 6.15 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में आयोजित होगा। इस कैंप में बच्चों को गुरमुखी लिपि (पंजाबी पढ़ना-लिखना), गुरबाणी कंठ (नितनेम की बाणियां), गुरबाणी संथिया (शुद्ध उच्चारण), कीर्तन, दस्तार सजाना तथा गतका की शिक्षा दी जाएगी। आयोजकों ने शहर की सिक्ख संगत से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस कैंप में अधिक से अधिक संख्या में शामिल करें, ताकि वे गुरमत के सिद्धांतों से जुड़ सकें और अपनी धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को समझ सके। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरु सिंह सभा राजनांदगांव द्वारा गुरु दी संगत वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) के सहयोग से किया जा रहा है। जिसकी जानकारी गुरु दी संगत वेलफेयर सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सरदार देवेंद्र सिंह (रूबी) गरचा द्वारा दी गई।

### मोतीपुर नदी घाट में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को कुमरदा तहसील अंतर्गत ग्राम मोतीपुर नदी घाट में राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रैम्प को तोड़ दिया। साथ ही घाट तक पहुंचने वाले मार्ग को काटकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया, ताकि भविष्य में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

इससे पहले टीम द्वारा मोतीपुर नदी घाट से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे दो माजदा वाहनों को रेत सहित जब्त किया गया। दोनों वाहनों को थाना डोंगरगांव के सुपुर्द कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार विजय कोठारी सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर उपस्थित रही।

### राजा की जयंती पर रक्तदान

**राजनांदगांव**। महंत राजा दिग्विजय दास वैष्णव की जन्म जयंती इस वर्ष भी जीवनदान सेवा संस्था के सदस्यों द्वारा मनाई गई। सर्वप्रथम शीतला मंदिर परिसर स्थित राज परिवार समाधि स्थल पर राजा के समाधि के आसपास साफ-सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दिग्विजय महाविद्यालय परिसर स्थित राजा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। राजा साहब एवं राज परिवार द्वारा राजनांदगांव की जनता के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। इसके बाद संस्था के सदस्यों द्वारा राजा साहब के जन्म जयंती अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा बिलासा ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रलाल जंघेल द्वारा दी गई।



### 28 को साधारण सभा की बैठक

**राजनांदगांव**। जिला पंचायत साधारण सभा की विशेष सम्मिलन (बैठक) 28 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### विश्व मलेरिया दिवस पर शहर में निकली रैली

**राजनांदगांव**। विश्व मलेरिया दिवस पर शहर में मितानिन प्रेरक किरण यादव एवं मितानिन कार्यकर्ताओं द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को मलेरिया के प्रति जागरूक करना एवं इसके रोकथाम के उपायों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

रैली शहर के बसंतपुर क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों और मोहल्लों से होकर गुजरी। इस दौरान मितानिन कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों को मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री रैली में शामिल होकर नागरिकों को संबोधित करते कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए जनभागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में आशा मेश्राम, गायत्री साहू, अनुसुईया साहू, मंजुला सावलकर, गीता मार्या, संगीता यादव सहित अनेक मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रही। वहीं आरोग्य समिति की ओर से लोकेश्वरी साहू, सुनीता निर्मलकर एवं बुधियारिनबाई सारथी की भी सहभागिता रही।

### एक को तुलसी मानस प्रतिष्ठान का शपथ ग्रहण

**राजनांदगांव**। तुलसी मानस प्रतिष्ठान की जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण बर्फानीधाम में आगामी एक मई को दोपहर दो बजे से आयोजित है। इस आयोजन को लेकर खास तैयारी की जा रही है।



प्रतिष्ठान के महामंत्री लक्ष्मण साहू एवं मीडिया प्रभारी ईश्वर साहू व हिमाचल साहू ने बताया कि रामायण प्रचारक इस प्रतिष्ठित संस्था के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष, महामंत्री, संगठन मंत्री, समन्वयक, संरक्षकगण और मीडिया प्रभारी के पदों का शपथ ग्रहण एक मई को दोपहर दो बजे समारोहपूर्वक होगा।उक्त समारोह में मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी आश्रम दर्री वाले त्रिलोचन महाराज होंगे। संस्था के पदाधिकारियों में कुलबीर सिंह छाबड़ा भी प्रमुख अतिथि होंगे। प्रदेश तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष जगदीश देशमुख समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि संस्था के दीप्ति पांडे, राजेन्द्र ठाकुर, गुमान साहू, सीताराम साहू, तामेश्वर साहू, त्रेता चंद्राकर, गोपाल वर्मा आदि होंगे। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।

### बैरियर के समीप रेत का अवैध परिवहन

**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार में नायब तहसीलदार लालबहादुर नगर राजेश नेताम द्वारा पाटेकोहरा चेकपोस्ट बैरियर के समीप चारामा (कांकेर) से रेत परिवहन कर रहे हाईवा क्रमांक सीजी-08-बीडी-5999 की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम बैरागीभेड़ी तहसील छुरिया निवासी वाहन चालक हेमचंद से खनिज परिवहन हेतु आवश्यक पीट पास एवं अन्य वैध दस्तावेजों की मांग की गई। वाहन चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रेत सहित वाहन को

## घुपसाल के मॉडल ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

# फसल परिवर्तन से चार साल बाद तालाब को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया विकासखंड का ग्राम घुपसाल जनभागीदारी, जल संरक्षण एवं फसल चक्र परिवर्तन के सफल क्रियान्वयन से एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने ग्राम के दौरे के दौरान किसानों एवं स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करते ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास, एकजुटता एवं जनशक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम पानी वाली फसलों को अपनाने और जल संरक्षण के उपायों के कारण ग्राम में भू-जल स्तर में सुधार हुआ है तथा जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जो अन्य गांवों के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर सरपंच एवं ग्राम के किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पहले ग्राम में पानी की बहुत समस्या होती थी, लेकिन इस वर्ष धान की जगह मक्का एवं दलहन-तिलहन फसल लेने से पानी की समस्या नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सामूहिक प्रयास एवं महत्वपूर्ण निर्णय से इस वर्ष लगभग 350 एकड़ से अधिक रकबे में रबी मौसम में मक्का एवं अन्य दलहन-तिलहन जैसी कम पानी वाली फसलों का उत्पादन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप ग्राम में भू-जल स्तर में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, छुरिया सीईओ होरीलाल साहू, सरपंच नरेश शुक्ला, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण,



#### सामूहिक प्रयास प्रेरणादायक

पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि ग्राम घुपसाल में जल संरक्षण एवं फसल चक्र परिवर्तन अभियान की ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल किसी एक व्यक्ति, अधिकारी या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे गांव, किसानों, महिला समूहों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा जिला एवं जनपद प्रशासन के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।

#### योजनाओं की दी जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों द्वारा नाला एवं तालाब में पचरी निर्माण की मांग पर शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि दीर्घकालीन लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते कहा कि इस योजना से सोलन पैनल लगाने पर केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने प्रेरित किया। जिससे भविष्य में बिजली बिल में कमी आएगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

#### जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम घुपसाल ने जिस प्रकार अधिक पानी वाली फसल धान के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को अपनाया है, वह एक अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि भविष्य में कृषि को टिकाऊ बनाने की दिशा में भी सार्थक कदम है। उन्होंने बताया कि जहां धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, वहीं मक्का एवं अन्य दलहन-तिलहन फसलों में अपेक्षाकृत बहुत कम पानी लगता है। कलेक्टर ने ग्राम की एकजुटता की सराहना करते कहा कि जहां एक परिवार में भी निर्णय लेना कठिन होता है, वहां पूरे गांव द्वारा एकमत होकर फसल परिवर्तन करना ग्राम की जागरूकता और सामाजिक एकता को दर्शाया है। उन्होंने बताया कि ग्राम घुपसाल का यह मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बन गई है और इसकी सराहना की जा रही है।

#### सराहनीय कार्य

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि ग्राम के किसानों एवं महिला स्व-सहायता समूहों ने मिलकर जो कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पहले जहां अधिक पानी वाली धान फसल के कारण गर्मी में जल संकट उत्पन्न होता था। वहीं अब मक्का एवं अन्य कम पानी वाली फसलों के कारण गांव में पर्याप्त जल उपलब्ध है।

## कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन, साऊंड सिस्टम जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे धुमाल बजाए जाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस टीम केसीजी द्वारा क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रात्रि लगभग 11.05 बजे थाना खैरागढ़ क्षेत्रांतर्गत टिकरापारा खैरागढ़ में एक शादी समारोह के दौरान बिना अनुमति के अत्याधिक तेज ध्वनि में डीजे-धुमाल बजाए जाने की सूचना प्राप्त हुई।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा जांच करने पर पाया गया कि आरोपी आदित्य सारथी 23 वर्ष द्वारा बिना वैध अनुमति के तेज ध्वनि में डीजे संचालित किया जा रहा था।

उक्त कृत्य पर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम की धारा 4 एवं 15 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करते डीजे, धुमाल साउंड सिस्टम जब्त किया गया तथा आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को अर्थदंड से दंडित किया गया।

# भगवान नेमिनाथ की भव्य प्रतिमा का आज आगमन

- कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय दिगम्बर जैन समाज राजनांदगांव के मूल नायक 1008 नेमिनाथ भगवान की नवीन प्रतिमा की भव्य अगवानी आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री नीरज सागर जी महाराज एवं निर्मद सागर जी महाराज ससंग के साथ भव्य अगवानी नगर के प्रमुख मार्गो से होने जा रही है।



दिगंबर जैन समाज के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूज्य मुनिश्री नीरज सागर जी महाराज एवं निर्मद सागर जी महाराज ससंग का आगमन कल 26 अप्रैल को सुबह 7.30 बजे नगर आगमन हो रहा। शोभायात्रा गुरूनानक चौक से शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर गंज लाईन पहुंचेगी। दिगम्बर जैन पंचायत ने सकल जैन समाज दिगम्बर, श्वेताम्बर, तेरह पंथी स्थानक वासी एवं सभी अहिंसा धर्मप्रेमियों को गुरूनानक चौक में उपस्थित होकर भगवान की भव्य अगवानी करने हेतु आमंत्रित किया है। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव सूर्यकांत जैन, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष पीसी जैन, आदर्श महिला मंडल के अध्यक्ष सीमा जैन आदि ने संयुक्त रूप से नवीन नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा की अगवानी एवं महाराज श्री की भव्य अगवानी करने हेतु निर्धारित स्थल पर आपनी गरिमामय उपस्थिति से इस पल को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

# भाजपा पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप जनजागरूकता के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और भाजपा प्रेस कान्फ्रेंस के जरिये एक-दूसरे पर हमलावर है। कभी बीजेपी कांग्रेस पर सदन में इस बिल को पास नहीं होने का आरोप लगा रही है, तो कभी कांग्रेस भाजपा पर झूठा भ्रम फैलाकर राजनीति करने का आरोप लगा रही है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनआक्रोश प्रेस कान्फ्रेंस के बाद अब कांग्रेस ने जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस करते केंद्र की भाजपा सरकार पर कांग्रेस के खिलाफ झूठा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस ने इस बिल को पास नहीं होने दिया, यह झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में 128वां संविधान संशोधन संसद के दोनों सदन में पारित हो चुका है और राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने भी इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं, लेकिन इसके बाद भी इस बिल को लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 2023 में पास हुए इस बिल को तत्काल लागू कर महिलाओं को उनका अधिकार देना चाहिए।




#### आरक्षण देने लंबा इंतजार

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन यादव सहित अन्य नेताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में कानून बन चुका है। अब इसे 2034 में मूर्त रूप देने का लंबा इंतजार क्यों किया जा रहा है, इसे तुरंत लागू कर देना चाहिए।

#### कांग्रेस महिलाओं की पक्षधर

कांग्रेस द्वारा अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि देश में पहली बार महिला प्रधानमंत्री कांग्रेस ने बनाया। वहीं महिला राष्ट्रपति भी कांग्रेस कार्यकाल में बनी। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष माया शर्मा, कुसुम दुबे, रूपेश दुबे, पदम कोठारी, अनीश खान सहित अन्य उपस्थित थे।

#### आरक्षण तत्काल लागू करने मांग

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस पर लगाए जा रहे आरोप को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 16 अप्रैल को जो बिल संसद में प्रस्तुत किया, वह 131वां संविधान संशोधन अधिनियम है। इसमें भाजपा महिला आरक्षण का मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि जब 2026-27 की जनगणना शुरू है, ऐसे में सरकार द्वारा जाति जनगणना के बाद आने वाले नए आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू करना है तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान सदस्य में से ही 33 प्रतिशत का आरक्षण महिलाओं को क्यों नहीं दिया जा रहा है।

### बर्थ-डे मनाने के दौरान जमकर मारपीट

**राजनांदगांव**। शहर के गांधी चौक में बीती रात बर्थ-डे पार्टी कुछ युवक मना रहे थे। इसी दौरान मारपीट की घटना हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात शहर के गांधी चौक में स्थानीय युवक बर्थ-डे मना रहे थे। इसी दौरान कुछ युवकों से वाद-विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गाली-गलौज और लाठी-बेल्ट से मारपीट हो गई। जिससे कुछ को चोंट आने की खबर है। बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# केवाईसी के लिए उमड़ी भीड़

**राजनांदगांव**। महतारी वंदन योजना के तहत लाभ ले रही महिलाओं के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया 3 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जो जुलाई माह तक जारी रहेगी।

शासन के इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को ई-केवाईसी करवाने भटकना न पड़े, इसके लिए पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर की पहल पर लखोली वार्ड नंबर 32 के आंगनबाड़ी केंद्र में निःशुल्क ई-केवाईसी के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लाभान्वित महिलाओं ने बायोमेट्रिक अंगूठा लगाकर सत्यापन कराया।



जिनके नाम आधार कार्ड एवं पंजीयन में अलग-अलग है, उनके भी केवाईसी आसानी से हो गया और उन्हें ज्यादा देर तक इंतजार करना नहीं करना पड़ा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाया गया, जांच उपरांत

# जुआ के दो मामलों में 7 पकड़े गए

**छुईखदान**। दो अलग-अलग स्थानों में जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस मामले में कुल सात लोगों को पकड़कर कार्रवाई की गई है। छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पुरेना स्कूल के पास मैदान में कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश के माध्यम से रुपए-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी जीतलाल जंघेल 28 साल पुरेना, लेखराम घुरवे 36 साल सुराडबरी, सूर्यकंत चंदेल 42 साल खुडमुडी से 52 पत्ती ताश एवं नगदी रकम 2150 रुपए बरामद किया गया।

#### दूसरे प्रकरण में भी कार्रवाई

इसी प्रकार ग्राम पुरेना के दूसरे स्थान पर जुआ खेल रहे आरोपी खेमलाल जंघेल 28 साल मुरई, अजय कुमार घुरवे 19 साल सुराडबरी, आजाय जांगड 45 साल लंझियाटोला एवं मनोहर वर्मा 37 साल निवासी सुराडबरी से ताश पत्ती एवं नगदी रकम 2500 रुपए बरामद कर सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।

## विधायक प्रतिनिधि ने ली ग्रामीण मंडल की बैठक

# ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

**राजनांदगांव**। विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित उक्त बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

श्री अग्रवाल ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों के संबंध में मंडल के लोगों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की चिंता करते बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गति और रफ्तार पकड़ेगी। इस दौरान ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर विधायक प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। प्रमुख रूप से गांवों में अटल समरसता भवन, पानी टंकी निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण, गौरवपथ निर्माण, नवीन पंचायत भवन तथा उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु भवन निर्माण



को लेकर ग्रामीण क्षेत्र की मांगों से विधायक प्रतिनिधि को अवगत कराया गया, जिस पर श्री अग्रवाल ने कहा कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, मंडल के महामंत्री मोतीराम देवांगन, बलराम निर्मलकर, रमन राजपूत, संदीप साहू व शक्ति केंद्र प्रभारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### विकास कार्यों को समय पर करें पूर्ण

उन्होंने बताया कि कई गांवों में नए पंचायत भवनों के निर्माण का भूमिपूजन हो गया है और अन्य स्थानों पर जल्द ही नए निर्माण कार्य शुरु होंगे। बैठक में श्री अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने प्रतिबद्धता दिखानी होगी, यदि कहीं निर्माण कार्य में विलंब हो रहा हो तो अवगत कराएं, ताकि समस्या का निराकरण कर विकास कार्यों को द्रुत गति से पूरा किया जा सके।



# छात्राओं व प्रवासी मजदूरों के लिए इंडेन का छोटू सिलेंडर लांच, कीमत 945 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव-देहात व जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पढ़ने या कामकाज के सिलसिले में शहर पहुंचे लोगों को खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर की चिंता करने की अब कोई जरूरत नहीं है। इंडेन गैस कंपनी ने ऐसे लोगों के लिए खास सिलेंडर लांच किया है। इसे लेने के तौर पर पांच किलोग्राम वजनी छोटू के लिए किसी खास दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा जारी किसी भी पहचान पत्र के जरिये इसे इंडेन के अधिकृत डीलरों से प्राप्त किया जा सकेगा।

शहर आकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं या कामकाजी महिलाओं के अलावा इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को अब गैस सिलेंडर की उपलब्धता के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा इस वर्ग को ध्यान में रखकर पांच किलोग्राम वजनी छोटू सिलेंडर लांच किया गया है। सरकार द्वारा जारी विभिन्न पहचान पत्रों आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस जैसे दस्तावेजों में कोई भी एक प्रस्तुत कर ग्राहक यह सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे। कामकाजी महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा ज्यादातर छोटे स्टोव्हनुमा चूल्हे इस्तेमाल किए जाते हैं। जिसमें नीचे सिलेंडर व ऊपर चूल्हा लगा होता है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली गैस की किल्लत के कारण कालाबाजारी को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा की गई सघन छापामारी के अंतर्गत गैस सिलेंडरों में चोरी-छिपे रिफिलिंग करने वालों की अवैध सामग्री न केवल जब्त की गई थी, बल्कि इसके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी।

## शासन द्वारा जारी किसी भी पहचान पत्र के जरिये लिया जा सकेगा छोटू सिलेंडर

### 945 में नया कनेक्शन, 615 रुपए में रिफिलिंग

छोटू सिलेंडर के नए कनेक्शन के लिए ग्राहकों को पहली बार कंपनी में 945 रुपए जमा करने होंगे। ग्राहकों को एक ही शहर या एक ही डीलर से रिफिलिंग की बाध्यता नहीं रहेगी। वे शहर के बाहर भी किसी भी इंडेन एजेंसी से रिफिलिंग करा सकेंगे। ग्राहकों को रिफिलिंग के लिए पांच किलोग्राम गैस के लिए 615 रुपए खर्च करने होंगे।




### किया जाएगा वितरण

इंडेन कंपनी द्वारा पांच किलोग्राम वजनी गैस सिलेंडर लांच किया गया है। यह सिलेंडर विशेषकर प्रवासी श्रमिकों, कामकाजी महिलाओं व छात्राओं के लिए काफी मददगार साबित होगा। इसका कनेक्शन लेने के लिए कोई खास दस्तावेज की जरूरत भी नहीं होगी।

- **रविन्द्र सोनी,** खाद्य अधिकारी

### दुरूपयोग पर होगी कार्रवाई

एलपीजी वितरक द्वारा 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के दैनिक उपलब्ध स्टॉक, दैनिक विक्रय मात्रा तथा बचत स्टॉक की पंजी संधारित की जाएगी तथा दैनिक जानकारी कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा राजनांदगांव को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के व्यपवर्तन एवं किसी प्रकार के दुरूपयोग पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बढ़ते तापमान के बीच अविभाजित जिले के लिए दो दिन हीटवेव का येलो अलर्ट जारी

# गर्मी का रिकार्ड टूटा.. 45.5 डिग्री पर तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में जारी गर्मी की तपीश तेज होते जा रही है। राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान लगातार बढ़कर अब 45.5 डिग्री पर पहुंच गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। वहीं अगले दो दिन अब हीटवेव चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

ऐसा भी नहीं है कि केवल अंचल में ही गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। बल्कि पूरे प्रदेश में गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया है। 25 अप्रैल को रायपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिन गर्मी और बढ़ सकती है। इधर मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा मौसम की वजह एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर अंदरूनी कर्नाटक से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके वजह से ही प्रदेश में मौसम का यह हाल देखने को मिल रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश के दक्षिणी इलाकें में बारिश की भी आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार जहां प्रदेश के मध्य इलाकें में ग्रीष्मलहर देखने को मिलेगी, वहीं बस्तर संभाग में तेज अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है।



### सेहत पर भी मौसम का दिखने लगा असर

इधर मौसम की मार का सीधा असर लोगों की सेहत पर भी दिखने लगा है। तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने से डिहायड्रेशन की समास्या बढ़ गई है। लोगों के शरीर में पानी की कमी होने से चक्कर आना, कमजोरी लगना जैसे लक्षण दिखाई दे रहे है। वहीं उल्टी, दस्त के मरीजों की भी बढ़ोत्तरी हुई है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोगों को सही मात्रा में पानी पीना चाहिए।

### इधर हीटवेव के बीच बस्तर संभाग में बारिश के आसार

बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा आने के कारण प्रदेश में कल 26 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है । वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग के जिले संभावित है।

### गर्मी का कहर...अब दो घंटे खुलेंगे आंगनबाड़ी

ज्ञात हो अप्रैल महीने की शुरुआत से ही तेज धुप देखने को मिल रही थी। ऐसे में बढ़ती मांग के बीच बीते दिनों प्रदेश शिक्षा महकमे ने 20 अप्रैल से सभी प्रकार की स्कूलों में अवकाश की घोषणा कर दी थी, हालांकि इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन जारी रहा। ऐसे में अब बढ़ती गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में भी बदलाव किया गया है। अब सभी आंगनबाड़ी केंद्र 23 अप्रैल से 30 जून तक सुबह जल्दी खोले जाएंगे। नए आदेश के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र अब सुबह 7 बजे से 11 बजे तक खुले रहेंगे। लेकिन बच्चों के लिए निर्धारित समय सिर्फ सुबह 7 बजे से 9 बजे तक रहेगा।

# शराब की अवैध बिक्री पर एक्शन, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




तिराहे के पास अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 56 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराध के रोकथाम व नियंत्रण हेतु नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत सोमनी पुलिस को 25 अप्रैल को सुबह मुखबीर से संदेही मिथलेश द्वारा ग्राम ककरेल रोड तिराहा के पास अवैध रूप से शराब रखकर बेचने की सूचना मिली। जिस पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर 25 अप्रैल को ग्राम ककरेल रोड तिराहा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे मिथलेश साहू 22 साल निवासी ग्राम खुटेरी डबरापारा थाना सोमनी को घेराबंदी कर पकड़ने से संदेही के पास रखे एक सफेद रंग की बोरी में 56 पौवा देशी रोमियों प्लेन कीमती 5600 रुपए रखा हुआ मिला, जिसे विधिवत कार्रवाई करते जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से मौके पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया है।

# चाकू दिखाकर लूट आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोबाइल दुकान में आकर चाकू दिखाकर लूट करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि चिखली चौकी क्षेत्र का सूरज वाहने 24 अप्रैल को रात्रि में अपने साथी के साथ प्रार्थी के मोबाइल दुकान में आकर गाली-गलौज कर चाकू दिखाकर अपने साथी के साथ प्रार्थी की जेब से 3000 रुपए एवं दुकान के गल्ले से रुपए को लूटकर प्रार्थी के साथी द्वारा बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट करने की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिखली में धारा-311, 296, 115 (2), 351(2) 3(5) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। पुलिस के अनुसार पुलिस चौकी चिखली द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी की पता तलाश कर आरोपी सूरज वाहने 29 वर्ष को दीनदयाल कालोनी से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी के साथ अपराध करना स्वीकार करने एवं लूट की रकम को अपने साथी के साथ बंटवारा कर खर्च करना बताने तथा 1000 रुपए रखना बताने पर लूट की रकम और घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी सूरज वाहने से जब्त कर विधिवत कार्रवाई करते गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायालय के आदेश अनुसार जेल दाखिल किया गया। फरार अन्य आरोपी की पता तलाश की जा रही है।

# साइड देने को लेकर विवाद पर चाकू से हमला, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



वाद-विवाद करने के बाद चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी कमलेश वर्मा 29 वर्ष निवासी ढारा द्वारा थाना उपस्थित में होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 22 अप्रैल को गांव के देवेन्द्र वर्मा की शादी बारात में ग्राम मुढ़ीपार आए थे। रात्रि लगभग 9 बजे डीजे में बाराती नाचते हुए दुल्हन के घर के पास बाजार चौक प्रधानपाठ मेन रोड पहुंचे थे, तभी एक मोटर साइकिल में 3 युवक मुढ़ीपार बस्ती की ओर से आए और "साईड दो, साईड दो" कहते हुए अश्लील गाली-गलौज करने लगे। बारातियों द्वारा मना करने पर वाद-विवाद करने लगे। प्रार्थी अपने दोस्तों राजा वर्मा एवं महेन्द्र वर्मा के साथ समझाने पहुंचे, जिस पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए विवाद कर वापस चले गए। लगभग एक घंटे बाद वही तीनों युवक अन्य के साथ पुनः आए और मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे राजा वर्मा पर एक आरोपी ने चाकू से पेट में वार कर गंभीर चोंट पहुंचाई। प्रार्थी कमलेश वर्मा पर भी चाकू से वार कर हाथ एवं सिर में चोंट पहुंचाई गई। बारातियों के हल्ला करने पर आरोपी पीछे हट गए, लेकिन घायलों को अस्पताल ले जाने हेतु वाहन निकालते समय आरोपी पुनः पहुंचे और लोहे की रॉड से स्कार्पियो वाहन के सामने का कांच तोड़कर क्षति पहुंचाई। रिपोर्ट पर थाना गातापार में धारा 296, 115(2), 351(3), 109, 324(5), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**चाकू, बाइक जब्त:** पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान आरोपियों की पहचान कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी गुलशन सिन्हा से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटर साइकिल ग्लेमर जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी गुलशन सिन्हा 20 वर्ष, पुनम सिन्हा 23 वर्ष व जग्गु निषाद 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम मुढ़ीपार को गिरफ्तार किया गया। साथ ही प्रकरण में 3 विधि से संघर्षरत बालकों की सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# कर्मचारी संघ के चुनाव पर गहराया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ आम कर्मचारी लामबंद हो गए हैं।

कर्मचारी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण में पहुँचे। अब चुनावी घपले की जाँच की कमान रजिस्ट्रार के हाथों में आ गई है। खैरागढ़ के जिला अध्यक्ष रघुवीर तिवारी आदि ने खुलासा किया कि निर्वाचन अधिकारियों ने बैलेट पेपर और काउंटर फाइल पर मतदाताओं के हस्ताक्षर करवा लिए थे। गिनती के समय यह आसानी से पता चल रहा था कि किसने किसे वोट दिया है। इसके बाद कर्मचारियों की निजता को सार्वजनिक कर दिया गया। मतदाताओं की याचिका को संज्ञान लेते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि रजिस्ट्रार अब धारा 32 के तहत मामले की जाँच करेंगे।



### प्रभार रोकने की मांग

रजिस्ट्रार के समक्ष अवैध प्रभार पर रोक लगाने की मांग की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक जाँच जारी है, तब तक विवादित परिणाम के आधार पर किसी को प्रभार न दिया जाए। बैठकों को अमान्य घोषित कर इसमें शामिल होने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# पंचायती राज दिवस पर जल स्त्रोतों की सफाई

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम पंचायत में पंचायती राज दिवस के मौके पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा आयोजन के पूर्व पंचायत पदाधिकारियों, स्वच्छताग्राही दीदियों एवं महिला समूह की सदस्यों ने सामुदायिक जल स्त्रोतों की सफाई की। ग्रामसभा में ग्राम संपदा एप में अपलोड परिसंपत्तियों का वाचन किया गया। शत प्रतिशत कर आरोपण एवं वसूली पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायत के लिए तैयार पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स और 2.0 स्कोरकार्ड का प्रदर्शन कर ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प पारित किया गया। ग्रामसभा में सरपंच भुनेश्वरी साहू, ग्रामसभा नोडल प्रियंका साहू, सचिव येवेंद्र साहू, भूपेंद्र सोनवानी, अमरोतन साहू, खेलूंराम साहू, संतोष साहू, हीरालाल सिन्हा, जयराम साहू, दिलीप श्रीवास्तव, नीलकंठ साहू, आशीष साहू, कन्हैया लहरे, धरम ठाकुर, बासन साहू, नूतन साहू, गीता साहू, राजेश्वरी साहू, रविना साहू, जयपाल कोरे, सोमन कोरी, सोमन, हेमलता साहू, सुरेखा विश्वकर्मा, भुनेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।



### गौ सम्मान आह्वान यात्रा कल

**राजनांदगांव।** गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने व गौमाता के सम्मान और सुरक्षा को लेकर 24 अप्रैल को महावीर चौक राजनांदगांव में बैठक आयोजित की गई। ज्ञात हो कि राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान यात्रा भारत के 5000 तहसील से 27 अप्रैल को निकाली जा रही है। राष्ट्रव्यापी इस आह्वान अभियान को भारत वर्ष के सभी प्रमुख साधु संतों द्वार प्रेरित कर मार्गदर्शन किया गया है।

## महाकाल चौक पर श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम

# राजा की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजा दिग्विजय दास की स्मृति में 25 अप्रैल को महाकाल चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर उनके योगदान को याद किया और सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान राजगामी संपदा न्यास की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी का सम्मान महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने राजा दिग्विजय दास के जनसेवा एवं त्यागपूर्ण जीवन को प्रेरणास्रोत बताया।

संस्कारधानी सेवा संस्थान द्वारा महाकाल चौक पर आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम में लगभग 3000 गिलास शरबत नागरिकों को वितरित किया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने भी आम नागरिकों को शरबत वितरण किया। इस कार्य में संस्थान के राजू डागा, लक्ष्मण लोहिया, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, मनोज बैद, राजा माखीजा, सुरेश पंजवानी, अशोक सेठिया, अमित खंडेलवाल, राजकुमार बाफना, अशोक पांडे, देबू भाई सहित अन्य नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मिथलेश्वरी देवांगन, शैली साहू, पुष्पा गायकवाड़, कांति मौर्य, मोना गोसाईं, मधु बैद सहित अन्य महिलाएं शामिल थी। कार्यक्रम में पार्षद शैक्की बग्गा, शरद सिन्हा, संजू बघेल, शेखर लश्करे, राजा माखीजा, वैष्णव समाज के सदस्य एवं शीतला मंदिर के पुजारीगण भी शामिल हुए और आयोजन की सराहना की।



### वक्ताओं ने व्यक्त किए विचार

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा और एकता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने अगले वर्ष इस कार्यक्रम को और बड़े स्वरूप में आयोजित करने का आश्वासन दिया। राजगामी संपदा न्यास की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने कहा कि नांदगांव रियासत की पहचान नागपुर से लेकर रायपुर तक फैली हुई थी। यहां के राजा दानवीर के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोकप्रिय राजा दिग्विजय दास को आज हम सभी नमन करते हैं और उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वे सभी के सहयोग से पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी।

# सामाजिक विकास में सहभागी बने कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

इंजीनियरिंग होस्टल ग्राउंड में डॉ अंबेडकर की जयंती के मौके पर वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान में आम्बेडकरवाद से समाज का सामाजिक ,शैक्षणिक, राजनितिक ,सांस्कृतिक और आर्थिक विकास विषय पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील भरने, विशिष्ट अतिथि स्नेहा, अशोक खड़तकर, एस चन्द्रिकापुरे, संदीप आनंद थे। अध्यक्षता पीके शेंडे ने की। संचालन एचके आजाद ने किया।

सर्वप्रथम बौद्धाचार्य डॉ मनोज गजभिये, अनमोल बौद्ध एवं एचके आजाद आदि ने मोमबत्ती प्रज्जवलित कर सामूहिक त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया। शुरुवात में श्री आजाद ने विषय की जानकारी दी। इस मौके पर इंजीनियर स्नेहा ने कहा सरकारी कर्मचारियों के कार्यक्रम में समाज के विकास की बात होती है तो यह एक अच्छा संदेश है। सरकारी कर्मचारी पे बैक टू सोसाइटी के तहत करेगा तो हमारे स्कूल कॉलेज होंगे जो जातिगत भेदभाव समाप्त करेंगे। डॉ मनोज गजभिये ने द बुद्धा टीचिंग्स फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे धम्म प्रचार, पौधरोपण, धम्म पुस्तक वितरण, धम्म वर्ग, धम्म शिविर आदि की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री शेंडे ने कर्मचारियों को संस्था से जुड़कर कार्य करने का आवाहन किया। आयोजन में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने खूब तालियां बटोरी।लोगों ने बच्चों की सराहना किया। ड्राइंग, पेंटिंग, गीत गायन और नाटक के प्रतिभागियों को गिफ्ट दिया गया। अंत में शिवनारायण ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सचिन कुर्मा, विनीत कुमार, हृदय किशोर, अनिल मेश्राम, एसके बम्बेश्वर, अजय मेश्राम, एमके वाल्डे, परमेश्वर ध्रुव, एसके ध्रुव, देबेन्द्र मिर्जा, कप्तान सिंह, परमेश कुर्मा, कपिल कुमार, मनीष सहारे, महेश साखरे, राजू बंसोड़ ,एके इंदुरकर, वीके गनवीर, एमके सफी, शिवराज बागड़े, एके रामटेके, रमाकांत ,कुंजेश कुमार, पीएल परते, विनेश टी, आरके परते, शैलेन्द्र कुमार, देबेश बंजारी, चिरंजीव वासनिक, मुकेश कुमार, अविनाश वासनिक, सौरभ जवाड़े, रजत चन्द्रिकापुरे, योगेश मनुव्रर, अनुराग वागड़े, वलकृष्णा, उमेन्द्र बंजारे, एलके धवन, विकास अम्बादे, भविष्य कुमार, अरविंद कुमार, बीके सिंह, एके मिंज, छोटेलाल गौतम, छोटेलाल जम्भलकर, अजित हर्षित, कुल्लू, रवि गावंडे, एसएन मांझी,पीवी डोंगरे, रेखा पाटिल, मनोजसिंह, आकाश लहुरगड़े, प्रसन्नता रामटेके, योगेश बंशकर, देबेन्द्र मानवर, आतिश जम्भलकर, एसके सिंह, अंकुश तलवारे, बी राम भारती, चंदन भारती शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण के लिए बढ़ी जन-जागरूकता

**कवर्धा।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन कर लोगों ने विभिन्न विषय पर व्यापक चर्चा की। शिक्षा, स्वास्थ्य,आजीविका एवं रोजगार जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने भविष्य के लिए कार्ययोजना बनाई। मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण और आजीविका के लिए नवा तारिया आय के जरिया में कार्य करने का संकल्प लिया गया। आजीविका डबरी, अमृत सरोवर, घरों में सोख्ता गड्ढा निर्माण और नवा तरिया के द्वारा सभी क्षेत्रों में पानी रोकने का संकल्प लिया गया। विशेष ग्राम सभा में जनगणना के महत्व पर जानकारी देते हुए ऑनलाइन विवरण भरने की प्रक्रिया भी बताई गई।

# खंडहर में तब्दील आंगनबाड़ी, जोखिम में नौनिहालों का भविष्य

- दीवारें जर्जर, सिस्टम लाचार : नौनिहालों की सुरक्षा भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय से लगभग सात किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गांगचुवा में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत संचालित यह केंद्र पिछले दो-तीन वर्षों से जर्जर भवन में संचालित था, जो अब पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है। सुरक्षा कारणों से बच्चों को वहां बैठाना बंद कर दिया गया है और वर्तमान में केंद्र का संचालन कार्यकर्ता के निजी घर से किया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात में छत से पानी टपकता है, जबकि गर्मी में दीवारों का प्लास्टर झड़ने लगता है। भवन की दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में लगभग 30 बच्चे सीमित और असुविधाजनक जगह में शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियों के लिए मजबूर हैं, जिससे उनके समुचित विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें बिजली, पानी, खेल सामग्री और शिक्षण सुविधाओं का प्रावधान शामिल है। लेकिन गांगचुवा का यह केंद्र इन दावों से कोसों दूर नजर आता है। भवन की मरम्मत या नए निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता वर्मा के अनुसार, पिछले लगभग 15 महीनों से केंद्र किराए के मकान में संचालित हो रहा है। भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी पंचायत और संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। देखरेख के अभाव में भवन के दरवाजे-खिड़कियां भी गायब होने लगी हैं और आसपास अतिक्रमण की स्थिति बनती जा रही है, जिससे सरकारी संपत्ति के नुकसान की आशंका बढ़ गई है।



### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। जिला पंचायत और संबंधित विभाग की निष्क्रियता को लेकर लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए नए भवन का निर्माण या पुराने भवन का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

### नौनिहालों के भविष्य पर संकट

गांव के अभिभावकों का मानना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बच्चों की शिक्षा और पोषण दोनों प्रभावित होंगे। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होते हैं, ऐसे में जिम्मेदार विभागों को संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गांगचुवा के बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

**समस्या :** गिट्टी के जाल में फंसा ग्रामीण इलाका, आवाजाही बाधित

# गिट्टी से अटी सड़क, दो महीने से निर्माण कार्य अधूरा, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। माकरी, पटुवा, दामापुर और बहुबलिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर करीब 4 किलोमीटर तक गिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है। पिछले दो महीनों से सड़क की यही स्थिति बनी हुई है, जिससे रोजमर्रा के आवागमन में ग्रामीणों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और रोज काम-काज के लिए आने-जाने वाले लोगों के लिए यह सड़क अब जोखिम भरा रास्ता बन चुकी है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी अनुसार सड़क पर बिछी बड़ी-बड़ी गिट्टियों के कारण मोटर सायकिल और चारपहिया वाहनों का संचालन कठिन हो गया है।

कई बार वाहन अनियंत्रित होकर गिर चुके हैं, जिससे चोटिल होने की घटनाएं सामने आई हैं।

साइड से वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया है, जिससे आवागमन धीमा और असुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कार्य शुरू हुए 4 से 5 महीने बीत चुके हैं, जबकि बोर्ड में 6 महीने में काम पूर्ण करने की समय-सीमा अंकित है। शिकायतों के बावजूद जिम्मेदारों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ठेकेदार द्वारा डामर की कमी का हवाला देकर कार्य को टालने की बात कही जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।



### डामर उपलब्ध नही काम अभी भी अधूरा

निर्माण स्थल पर लगाए गए सूचना बोर्ड में 6 माह में कार्य पूर्ण करने का दावा किया गया था, लेकिन 4-5 महीने बीत जाने के बाद भी सड़क का आधा हिस्सा तक तैयार नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने कई बार सरपंच और संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ठेकेदार द्वारा डामर उपलब्ध नहीं होने का कारण बताया जा रहा है, जिससे कार्य अगले साल तक खिंचने की आशंका जताई जा रही है।

### हर दिन खतरे में सफर

गिट्टी से ढकी इस सड़क पर सफर करना अब ग्रामीणों के लिए दैनिक जोखिम बन चुका है। दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर रहे हैं, जिससे हाथ-पैर में चोट लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। बुजुर्ग और महिलाएं इस मार्ग से गुजरने में खासा डर महसूस कर रही हैं। बारिश के समय गिट्टी और अधिक फिसलन भरी हो जाती है, जिससे हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

# जिले में बीएसएनएल नेटवर्क सेवाएं ठप, उपभोक्ता परेशान

## कॉल ड्रॉप, सिग्नल व इंटरनेट सेवा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय में सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की नेटवर्क व्यवस्था इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। उपभोक्ता लगातार कॉल ड्रॉप, कमजोर सिग्नल और इंटरनेट सेवा में बाधा जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे उनका दैनिक संचार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

तकनीक के तेजी से बढ़ते दौर में जहां आधुनिक सेवाओं की अपेक्षा बढ़ी है, वहीं बीएसएनएल उपभोक्ताओं को बुनियादी सुविधाएं भी सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि सामान्य कॉलिंग तक ठीक से नहीं हो पा रही है। घर के अंदर नेटवर्क पूरी तरह गायब हो जाता है या फोन 'स्विच ऑफ' अथवा 'आउट ऑफ कवरेज' बताता है। कॉल करने पर आवाज टूट-टूट कर आती है, जिससे बातचीत करना मुश्किल हो जाता है।

कई बार लोगों को बात करने के लिए घर से बाहर निकलना पड़ता है, तब जाकर नेटवर्क कुछ हद तक काम करता है। बीएसएनएल द्वारा 3जी से 4जी में अपग्रेड की प्रक्रिया जारी होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार नेटवर्क की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। निजी दूरसंचार कंपनियों की बेहतर सेवाओं के बावजूद कई उपभोक्ता अब भी बीएसएनएल से जुड़े हुए हैं, लेकिन यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ताओं का भरोसा कमजोर पड़ने की आशंका है।



### अधिकारी बोले, शिकायत नहीं मिली

इस संबंध में बीएसएनएल कार्यालय के प्रभारी अधिकारी सीबी तिवारी ने बताया कि विभाग को इस प्रकार की कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उनके अनुसार नेटवर्क व्यवस्था सामान्य है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि किसी विशेष क्षेत्र में समस्या सामने आती है, तो जांच कर आवश्यक सुधार किया जाएगा।

### उपभोक्ताओं को राहत का इंतजार

वर्तमान हालात में उपभोक्ता बेहतर नेटवर्क और निर्बाध सेवाओं की उम्मीद लगाए हुए हैं। अब यह देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिलती है।

# रतन मयारू पंचायत स्तर पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम नेवारी में पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ी साहित्य एवं लोककला के प्रख्यात लेखक-कवि रतन मयारू को सम्मानित किया गया।



ग्राम पंचायत नेवारी के सरपंच सेवाराम पात्रे द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत बाड़ी परिसर में ग्रामसभा के दौरान रतन मयारू को माल्यार्पण कर, श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच गणेश राम पटेल, प्रहलाद सिंह राजपूत, पंच श्रीमती प्रेमा पात्रे तथा रोजगार सहायक सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कवि रतन मयारू ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में सचिव पद पर कार्य करते हुए लगभग 40 वर्षो तक शासकीय सेवा के साथ-साथ लोक कला और छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे आकाशवाणी रायपुर के रेडियो गायक भी रह चुके हैं और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सम्मानित हो चुके हैं।

# कुकदूर तहसील में जनगणना प्रशिक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

- पर्यवेक्षक एवं सुपरवाईजरों का विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण संपन्न
- तीन दिवसीय प्रशिक्षण

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत कुकदुर, कुण्डा पंडरिया ग्रामीण, नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई के पांचो जनगणना चार्ज के पर्यवेक्षक एवं सुपरवाइजरों का विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

तहसील कुकदुर के लिए नियुक्त फील्ड ट्रैनर राजीव श्रीवास्तव, सुमित पाण्डेय एवं धर्मराज वर्मा ने प्रत्येक बैच के जनगणना प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित प्रति दिवस 8 घंटे का प्रशिक्षण देते हुए पूरे तीन दिवस तक प्रशिक्षण कार्य संपादित किए।

भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में पूर्ण किया जाना है, जिसके प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। इसका द्वितीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना के साथ संपादित होना है।



### 133 जनगणना ब्लाक में विभक्त

कुकदुर जनगणना चार्ज अधिकारी एवं नायब तहसीलदार पूजा वर्मा ने बताया कि कुकदुर तहसील को 133 जनगणना ब्लॉक में विभक्त किया गया है, जहां 21 पर्यवेक्षकों जिसमें 02 रिजर्व तथा 121 प्रगणक जिसमें से 11 रिजर्व के रूप में नियुक्त कर उनका प्रशिक्षण जनपद पंचायत के सभागार भवन में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। सभी कर्मचारियों को परिचय पत्र, जनगणना नियुक्ति आदेश, जनगणना पुस्तिका एवं जनगणना कार्य संबंधी शपथ दिलाई गई। इस पूरे जनगणना कार्य मे शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। वहीं एमके गुप्ता विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया ने भी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस चरण में ग्राम मोहतरा खुर्द में भ्रमण कर नमूना जनगणना का अभ्यास कराया गया।

# चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव पर विविध कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा में कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज के प्राकट्योत्सव के अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य एवं रचनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक पूजन के साथ-साथ बच्चों एवं युवाओं के लिए रंगोली, ड्राइंग, मेंहदी, फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक पूजन में समाज के पूर्व अध्यक्ष शेखर बख्शी एवं प्रवीण श्रीवास्तव सपत्नीक सहित डॉ एके श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, सोम वर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, वेद श्रीवास्तव, श्रीकांत वर्मा, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थें। रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली में जान्हवी एवं स्नेहल श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नृत्य में अवनी, अनाया, प्रियांशी, जागृति, सिद्धी श्रीवास्तव एवं अंशिका बख्शी की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। ड्राइंग प्रतियोगिता में कृष्णा, समृद्धि, शौर्य, अनाया, शुभम, सार्थक, काम्या, गुंजन, आराध्या, मिष्ठी, दक्ष, हिमांशु, मोनाली, प्रियांश, जान्हवी एवं मयंक श्रीवास्तव ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ अतुलदेव वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज ज्ञान में अग्रणी होने के बावजूद एकजुटता की कमी के कारण पीछे रह जाता है। उन्होंने सभी से आपसी मतभेद छोड़कर एकजुट होकर समाज के विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## ओपन विवि की संपर्क कक्षा मई से शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पं सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि ने सत्र 2026 जुन-जुलाई के स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष इतिहास पाठ्यक्रम में प्रवेशित शिक्षार्थियों का सैद्धांतिक जारी किया है। यह ऑनलाइन माध्यम से 13 मई से शुरू होगी। शेड्यूल को विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

**500 रुपए प्रति बोरी तक बेचा जा रहा**

# यूरिया खाद की कालाबाजारी से क्षेत्र के किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कुण्डा, दामापुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कृषि दुकानों पर खाद की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यूरिया जैसी आवश्यक खाद को निर्धारित दर से कहीं अधिक, लगभग 500 प्रति बोरी तक बेचा जा रहा है। इससे किसानों की लागत बढ़ रही है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में गन्ना खेती का रकबा अधिक होने के कारण खाद की मांग लगातार बनी रहती है। कई किसान सहकारी समितियों के सदस्य नहीं हैं, जिससे वे निजी दुकानों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं। किसान बताते हैं कि मजबूरी में उन्हें महंगे दाम पर खाद खरीदना पड़ रहा है, क्योंकि समय पर खाद नहीं मिलने से फसल प्रभावित होने का खतरा रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा समय-समय पर जांच की औपचारिकता तो की जाती है, लेकिन ठोस कार्यवाही नहीं होने से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।

किसानों ने मांग की है कि संबंधित विभाग सख्ती से जांच कर दोषी दुकानों पर छापामार कार्यवाहीकरे, ताकि उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके और किसानों को राहत मिल सके।

### मजबूरी में महंगा सौदा

क्षेत्र के किसान खाद की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। सहकारी समितियों की सीमित पहुंच और निजी दुकानों पर निर्भरता के कारण उन्हें निर्धारित दर से अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। समय पर खाद न मिलने की आशंका के चलते किसान ऊंचे दाम पर भी खरीद करने को मजबूर हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और मुनाफा घटता जा रहा है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर मौत

**कवर्धा।** खारा-रेंगाखार मार्ग में बाबा तालाब के आगे बीते शुक्रवार की शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान डिलेश कुमार यादव निवासी मुढ़ीपार रेंगाखार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर का मालिक मनीराम यादव ग्राम खारा का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह ट्रैक्टर रोजाना रेत परिवहन के कार्य में लगा रहता था। शुक्रवार को भी ट्रैक्टर रेंगाखार की ओर रेत लेने जा रहा था। तभी बाबा तालाब के आगे मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन पलट गया। ट्रैक्टर पलटते ही चालक उसके नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेंगाखार पुलिस मौके पर पहुंची। शव ट्रैक्टर के नीचे फंसा होने के कारण जेसीबी मशीन की मदद से ट्रैक्टर को हटाया गया। इसके बाद शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## 1 मई से घर-घर जनगणना सर्वेक्षण

**कवर्धा।** जिले में शहरी जनगणना 2026-27 की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक स्वामी करपात्री माध्यमिक स्कूल में प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आगामी शहरी जनगणना को त्रुटिरहित और प्रभावी बनाना है। राजस्व प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में नगरीय क्षेत्र के कुल 95 प्रगणक और 17 सुपरवाइजर शामिल हो रहे हैं। इनमें कई शिक्षक शिक्षिकाएं भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों को जनगणना के विभिन्न पहलुओं जैसे परिवार की संरचना, साक्षरता दर रोजगार की स्थिति और आवासीय जानकारी के डेटा संकलन की प्रक्रिया व तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्रीनिवास द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि शुद्ध और सटीक जानकारी ही भविष्य की योजनाओं का आधार बनेगी।

## भीषण गर्मी से बदली मजदूरों की दिनचर्या

**कवर्धा।** जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी का असर मजदूरों की दिनचर्या पर साफ दिख रहा है। तेज धूप और लू से बचने के लिए मजदूर अब सुबह जल्दी और शाम के समय ही काम कर रहे हैं। दोपहर में काम पूरी तरह ठप हो जाता है, जिससे निर्माण कार्य और अन्य श्रमिक आधारित काम प्रभावित हो रहे हैं। भीषण कर्मी के चलते ठेकेदारों और किसानों को मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे काम की गति धीमी पड़ गई है। निर्माण कार्य में लगे कई ठेकेदारों की स्थिति तो ये है उनके काम ही बदं पड़ गए है। माना जा रहा है कि मौसम में सुधार तक यही स्थिति बनी रह सकती है। इन हालातों में लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना है।

**आरोप-प्रत्यारोप : राजनीतिक दलों की महिलाओं के नाम पर बढ़ी बयानबाजी**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा-कांग्रेस के बीच संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देशभर में सियासी माहौल गरमा गया है। अधिनियम के पारित न हो पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल इस मुद्दे पर एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, वहीं महिलाओं के हितों की बात करते हुए राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश भी साफ दिखाई दे रही है।

भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने हमेशा महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर केवल राजनीति की है और जब वास्तविक बदलाव लाने का अवसर आया, तब उसने समर्थन देने के बजाय बाधाएं खड़ी की। भाजपा नेताओं का कहना है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, जिसे विपक्ष ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते रोकने का प्रयास किया। वहीं कांग्रेस ने इस मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार की नीयत शुरू से ही स्पष्ट नहीं थी। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा ने अधिनियम को केवल एक चुनावी हथकंडे के रूप में पेश किया और इसे सही तरीके से लागू करने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई। कांग्रेस का कहना है कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के अधिकारों के प्रति गंभीर होती, तो वह सभी दलों को विश्वास में लेकर व्यापक सहमति बनाती।।

### महिलाओं को ही बनाया जा रहा राजनीतिक हथियार




इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि दोनों दल महिलाओं को ही राजनीतिक हथियार के रूप में उपयोग कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों अपने-अपने महिला मोर्चा और संगठनों के माध्यम से विरोध-प्रदर्शन और बयानबाजी करवा रहे हैं। इससे समाज में महिलाओं के बीच भी वैचारिक विभाजन देखने को मिल रहा है, जो लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से उचित नहीं माना जा सकता। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषय को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के मुद्दों पर सभी दलों को एकजुट होकर सकारात्मक पहल करनी चाहिए, ताकि महिलाओं को वास्तविक लाभ मिल सके। लेकिन वर्तमान स्थिति में यह मुद्दा भी अन्य राजनीतिक विवादों की तरह आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित होता नजर आ रहा है।

### महिलाओं को वोट बैंक बनाने की कोशिश?

स्थानीय स्तर पर बीते शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर दोनो ही प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस ने एक प्रेसवर्ता आयोजित की जिसमें भाजपा की ओर से प्रेसवार्ता प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय को आगे किया गया तो कांग्रेस की और से आयोजित प्रेसवार्ता में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल को आगे किया गया। इन दोनो ही प्रेसवार्ताओं के बाद आम नागरिकों का कहना है कि राजनीतिक दलों को महिलाओं के अधिकारों के प्रति ईमानदारी दिखानी चाहिए, न कि इसे केवल वोट बैंक की राजनीति तक सीमित रखना चाहिए। लोगों की अपेक्षा है कि सरकार और विपक्ष मिलकर ऐसा समाधान निकालें, जिससे महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व और अधिकार मिल सके।

# घर के आंगन में अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में थाना पंडरिया पुलिस ने हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब का अवैध विक्रय करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से 08 लीटर महुआ शराब एवं नगद राशि जप्त कर उसे आबकारी एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनो थाना पंडरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खैरडोंगरी निवासी रेखू साहू अपने घर आंगन में हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना पंडरिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी रेखू साहू पिता रोहित साहू उम्र 29 वर्ष निवासी खैरडोंगरी थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 08 लीटर, कीमत लगभग 1600 रुपये तथा बिक्री की नगद राशि 200 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत थाना पंडरिया में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक मोहनलाल खुंटे, आरक्षक अभिषेक शर्मा, विकास जांगड़े, हुकुम माथुर एवं महिला आरक्षक रत्नी मरावी का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी सतत एवं प्रभावी रूप से जारी रहेगी।

# व्यापम मंडी उप निरीक्षक के लिए भर्ती परीक्षा आज, तैयारियां पूरी

## 9.30 बजे बंद होगा परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार

- विलंब से पहुंचने वालों को नहीं मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत 26 अप्रैल को होने जा रही उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में बनाए गए परीक्षा केन्द्रो में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है।

गौर तलब है कि इस परीक्षा को लेकर पूर्व में ही एक महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए परीक्षा समय में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित समय 11 बजे के स्थान पर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 12.15 बजे तक संचालित की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित समय और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है इसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा में पूरे प्रदेश से लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

वहीं कबीरधाम जिले में 4859 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए 16 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि फ्रिस्किंग (सुरक्षा जांच) और फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यह भी निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, जिससे परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की भ्रम या असुविधा की स्थिति न बने। परीक्षा के दौरान ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के लिए निर्धारित समय से पहले रिपोर्ट करना होगा।

### अभ्यर्थियों को जूता पहनकर आने पर रोक

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्रर में किसी भी प्रकार के संचार या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। अभ्यर्थियों को जूता पहनकर आने पर रोक रहेगी। उन्हें केवल चप्पल पहनकर आने तथा काले या नीले बॉल पेन साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा शुरू होने के पहले आधे घंटे में एवं परीक्षा समाप्त होने के आखिरी आधे घंटे में केन्द्र से बाहर जाने की मनाही है। साथ ही परीक्षा हॉल में फुसफुसाया या इशारे किए जो बाहर किए जाएंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।

### प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से की अपील

प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें, समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें और शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा में शामिल हों। उक्त परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं नोडल की सहायता के लिए 2 सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन की देखरेग एवं परीक्षा में अनैतिक कार्यो को रोकने के लिए दो उडनदस्ता दल का गठन किया गया है।

# कांग्रेस के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन

- भाजयुमो ने कवर्धा में फूंका कांग्रेस का पुतला, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) कबीरधाम द्वारा सिग्नल चौक में कांग्रेस पार्टी एवं अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ वृहद विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की विशेष भागीदारी रही।

यह कार्यक्रम भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कन्या संयोजिका विद्या गंधर्व, मोनिका विश्वकर्मा, शीतल सोनी सहित महिला कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उमंग पांडेय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है, जबकि विपक्ष की राजनीति इस के विपरीत है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पीयूष सिंह ठाकुर, अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर जायसवाल, अनीता धुर्वे, रामबिलास चंद्रवंशी, नीलिमा गुप्ता, ज्योति केशरवानी, वेदकुमारी चौबे, विजया शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी एवं अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन को सफल बनाया।

### कांग्रेस ने किया अन्याय

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीराम साहू ने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। वहीं विद्या गंधर्व ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों और सम्मान दोनों के साथ अन्याय किया है, जिसके विरोध में महिलाएं सड़क पर उतरने को मजबूर हैं।

## मिली सड़क सुविधा...



**कवर्धा।** पहाड़ों के बीच बसा चाऊरडोंगरी अब बारहमासी सड़क संपर्क से जुड़ा पहाड़ काट कर बनाई सड़क, ग्रामीणों की जिंदगी में बदलाव की दस्तक, पीएम जनमन योजना ने पूरा किया बरसों पुराना सपना

## ग्राम चाऊरडोंगरी जुड़ा बारहमासी सड़क से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कभी कठिन पहाड़ी रास्तों और संसाधनों की कमी से जूझने वाला कबीरधाम जिले का सुदूर वनांचल क्षेत्र का ग्राम चाऊरडोंगरी आज विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत यहां पक्की सड़कों का निर्माण होने से ग्रामीणों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा अमनिया बांगर रोड राहीडांड से चाऊरडोंगरी तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत 1.74 करोड़ रूपये है। यह सड़क पहाड़ों की कटिंग कर तैयार की गई है, जिससे यह क्षेत्र दुर्गम और पहुंचविहीन नहीं रहा गया है और बारहमासी पक्की सड़क से जुड़ चुका है।

**भोरमदेव अभ्यारण में दो शावकों के साथ नजर आए बाघ और बाघिन**

# क्षेत्र में फिर सुनाई देने लगी बाघों की दहाड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव अभयारण्य के सघन जंगलों में एक बार फिर बाघों की दहाड़ सुनाई देने लगी है। हाल ही में ट्रैप कैमरों में बाघ-बाघिन अपने दो शावकों के साथ कैद हुए हैं, जो इस क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और अनुकूल माहौल का संकेत है। कवर्धा जिले के भोरमदेव अभयारण्य और आसपास के वन क्षेत्रों में इन दिनों बाघों की सक्रियता तेजी से बढ़ी है।

वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरों में बाघ-बाघिन अपने दो शावकों के साथ नजर आए हैं। यह दृश्य न केवल रोमांचक है, बल्कि एक स्वस्थ वन पारिस्थिति की तंत्र का भी प्रमाण माना जा रहा है। वन विभाग के अनुसार, जिले के अलग-अलग हिस्सों में चार से अधिक बाघ और बाघिन सक्रिय हैं। हाल के दिनों में उनके मूवमेंट के स्पष्ट संकेत जैसे पदचिह्न और कैमरा फुटेज मिले हैं। इसके अलावा तेंदुओं की संख्या में भी इजाफा देखा गया है। सुरक्षा कारणों से वन विभाग ने उनकी सटीक लोकेशन सार्वजनिक नहीं की है और लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी

विशेषज्ञों का मानना है कि बाघों की यह बढ़ती मौजूदगी पास स्थित कान्हा नेशनल पार्क में बढ़ती बाघ संख्या से जुड़ी हो सकती है। वहां बढ़ते दबाव के कारण कई बाघ शांत और कम व्यवधान वाले इलाकों की तलाश में भोरमदेव जैसे जंगलों की ओर रुख कर रहे हैं। पहले जहां बाघिनें यहां केवल प्रजनन के लिए आती थीं, वहीं अब शावकों के साथ लंबे समय तक ठहरना इस क्षेत्र की बढ़ती अनुकूलता को दर्शाता है। बाघों की वापसी के साथ ही वन विभाग ने यहां पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी कदम बढ़ाया है। जानकारी के अनुसार, 27 या 28 अप्रैल को जंगल सफारी का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि 1 मई से आम पर्यटकों के लिए सफारी शुरू होने की संभावना है। सफारी संचालन के लिए गुजरात की एक अनुभवी कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है और टिकट बुकिंग ऑनलाइन होगी। जंगल सफारी शुरू होने से न केवल पर्यटकों को बाघों के प्राकृतिक आवास को करीब से देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। कुल मिलाकर, भोरमदेव अभयारण्य में बाघों की वापसी संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रतीक है और यह दिखाता है कि सही दिशा में काम होने पर जंगल अपनी पुरानी समृद्धि वापस पा सकते हैं।

# ग्राम देवान पटपर की खेल समिति को क्रिकेट किट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कूकदूर थाना अंतर्गत ग्राम देवान पटपर की खेल समिति को क्रिकेट किट का वितरण किया गया।

यह पहल सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत युवाओं को खेल गतिविधियों से जोडने एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम देवान पटपर में शीघ्र ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की टीमों की सहभागिता रही थी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को सही मार्गदर्शन देना भी है। खेल गतिविधियाँ युवाओं को नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक घनाराम सिन्हा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सकारात्मक कदम बताया।